# सिंगाजी समाचार

सिंगाजी समाचार | SINGAJISAMACHAR | SINGAJI NEWS 24 | SINGAJISAMACHAR79@GMAIL.COM | SINGAJI SAMACHAR

वर्ष—03 / अंक—99 / रायसेन, बुधवार, 07 अगस्त 2024 / पृष्ठ—8 / कीमत 2.00 रुपये / RNI NO& MPHIN/2021/81069




### बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के 8 सबसे बड़े अपडेट...

बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने जेल में बंद पूर्व ढट और विपक्षी नेता खालिदा जिया को रिहा करने का आदेश दिया। उन्हें 2018 में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में 17 साल की सजा सुनाई गई थी।

प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास में दाखिल हुए। तोड़फोड़ और आगजनी की।

राजधानी ढाका में 4 लाख लोग सड़कों पर उतर आए, जगह-जगह तोड़फोड़ की।

पुलिस-प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में सोमवार को 6 लोग मारे गए।

प्रदर्शनकारियों ने 2 हाईवे पर कब्जा किया। अब तक 300 लोगों की जान गई है। इनमें ज्यादातर छात्र हैं।

भारत में इरऋने पश्चिम बंगाल, मेघालय, त्रिपुरा, असम और मिजोरम से लगी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अलर्ट बढ़ा दिया।

बांग्लादेश की आर्मी ने देश की प्रमुख पार्टियों के नेताओं के साथ बैठक की। 18 सदस्यीय अंतरिम सरकार प्रस्तावित की गई।

भारत ने बांग्लादेश जाने वाली सभी ट्रेनें रद्द कर दी हैं। एअर इंडिया और इंडिगो ने भी ढाका जाने वाली सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं।

# बांग्लादेश.... तबाही की और

नेशनल डेस्क। बांग्लादेश छोड़कर आईं पूर्व पीएम शेख हसीना ने नाइट स्टे दिल्ली से सटे गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर किया। वो मंगलवार सुबह तक भी भारतीय वायुसेना के सेफ हाउस में मौजूद हैं। उनकी सुरक्षा में गरुण कमांडो लगे हुए हैं। सोमवार देर रात खबरें आईं कि शेख हसीना रात एक बजे के आसपास अज्ञात स्थान के लिए निकल सकती हैं। इसके बाद ये खबरें आईं कि उन्हें यहां तक लेकर आए बांग्लादेश वायुसेना के विमान सी-130 सुपर हरक्यूलिस को पश्चिम बंगाल के पानागढ़ एयरबेस पर तब तक पार्क किया जाएगा, जब तक शेख हसीना की आगे की यात्रा की मंजूरी नहीं मिल जाती। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह यूपी पुलिस के अधिकारी हिंडन एयरबेस पहुंचे। साथ में 2 वीवीआईपी गांड़ियां एयरबेस के अंदर गईं हैं।

**हिंडन एयरबेस पर कई वीवीआईपी गाड़ियों का मूवमेंट बढ़ा है। अभी कुछ देर पहले काले रंग की कई गाड़ियां एयरबेस के मुख्य गेट से अंदर की तरफ जाती देखी गई हैं। कुछ लोग बता रहे हैं कि ये गाड़ियां बांग्लादेश दूतावास की भी हो सकती हैं। सूचना ये भी है कि शेख हसीना की बेटी दोपहर ढाई बजे के आसपास उनसे मुलाकात करने के लिए हिंडन एयरबेस पहुंच सकती हैं। उनकी बेटी इस वक्त दिल्ली में मौजूद बताई गई हैं। सुबह 9 बजे जिस विमान ने हिंडन एयरबेस से ढाका के लिए उड़ान भरी थी, उसमें 7 मिलिट्री पर्सनल थे। शेख हसीना अभी तक यहां एयरबेस के सेफ हाउस में मौजूद हैं**

बता दें कि शेख हसीना के विमान ने सोमवार शाम 5 बजकर 36 मिनट पर गाजियाबाद में भारतीय वायुसेना के हिंडन एयरबेस पर लैंड किया था। तब से शेख हसीना एयरबेस पर ही सेफ हाउस में मौजूद हैं। बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद की स्थिति पर भारत सरकार पूरी नजर रख रही है। केंद्र ने यह जानकारी सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को दी। सरकार ने बताया कि अभी बांग्लादेश में 12000 से 13000 भारतीय हैं. हालांकि, देश में स्थिति इतनी भयावह नहीं है कि अपने नागरिकों को वहां से निकालना पड़े। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में केंद्र सरकार ने बताया कि हम बांग्लादेश में हर स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। जो भी स्थिति होगी, उसके बारे में विपक्ष को बताया जाएगा. वहां से करीब 8000 भारतीय स्टूडेंट्स वापस आ गए हैं। बाकी लोगों को निकालने की अभी जरूरत नहीं है.केंद्र सरकार ने कहा कि अभी शेख हसीना पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से विपक्ष संतुष्ट है।



बांग्लादेश में काली मंदिर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे मदरसा के छात्र

### पुलिसकर्मियों को पीट-पीटकर मार डाला गया

जाय ने अपनी मां के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा, जब हसीना ने देश की सत्ता संभाली तो बांग्लादेश गरीब देश हुआ करता था। आज इसे एशिया के उभरते देशों में से एक माना जाता है। प्रदर्शनकारियों से निपटने में सरकार द्वारा सख्ती बरतने के आरोपों को खारिज करते हुए जाय ने कहा, पुलिसकर्मियों को पीट-पीटकर मार डाला गया है। जब भीड़ लोगों को पीट-पीटकर मार रही हो तो आप पुलिस से क्या उम्मीद करेंगे। इन दावों के इतर बांग्लादेश में शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद सेना ने सत्ता संभाल ली है लेकिन पूरे देश में अराजकता के हालात हैं।

## काशी विश्वनाथ मंदिर के पास दो मकान ढहे

नईदिल्ली। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के पास मंगलवार सुबह 3 बजे 2 मकान ढह गए। इसमें ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी समेत 9 लोग मलबे में दब गए। 8 को सुरक्षित बाहर निकाला गया। 43 साल की 1 महिला की मौत हो गई। हादसे के वक्त लोग सो रहे थे। सूचना मिलते ही कई थाने की पुलिस फोर्स पहुंची। ठऊफ्रबुलाई गई। 6 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चला। जिस गली में हादसा हुआ, उसकी चौड़ाई महज 8 फीट है। ऐसे में वहां रेस्क्यू का पूरा काम मैनुअली हुआ। ठऊफ्र ने मलबे को हाथों से हटाया। इस वजह से रेस्क्यू में वक्त लग गया। दोनों घर मंदिर कॉरिडोर से महज 10 मीटर दूर हैं। इधर, पीएम मोदी ने कमिश्नर कौशल राज शर्मा से फोन पर बात की। उन्होंने मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी ली। कमिश्नर ने उन्हें बताया कि मृतक महिला और घायलों को मुआवजा दिया जाएगा। घायलों का बेहतर इलाज करवाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया- मनीष गुप्ता मकान को ठीक करवाना चाहते थे, लेकिन काशी विश्वनाथ परिक्षेत्र में किसी भी निर्माण के लिए अनुमति लेनी पड़ती है। उन्होंने मंदिर प्रशासन से लेकर नगर निगम से अनुमति मांगी थी कि मकान को जमींदोज कर दिया जाए या मरम्मत कराने के आदेश दिया जाए, लेकिन अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने मकान के मरम्मती के लिए सामान भी मंगा लिया था।



### 70-80 साल पुराने थे दोनों मकान

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पास खोवा गली में दोनों मकान अगल-बगल बने हुए थे। इनके मालिक राजेश और मनीष गुप्ता सगे भाई हैं। मकान 70-75 साल पुराने थे। दीवारें जर्जर हो चुकी थीं। मनीष गुप्ता का मकान 4 मंजिला, जबकि राजेश गुप्ता का मकान 3 मंजिला था। मंगलवार तड़के 3 बजे मनीष गुप्ता का मकान भरभराकर गिर पड़ा। थोड़ी देर बाद बगल में दूसरा मकान भी ढह गया। घर के बाहर मंदिर बना हुआ है, वह भी क्षतिग्रस्त हो गया। दीवार के पास ही पुलिस पिकेट बनी है। यहां तैनात महिला पुलिसकर्मी भी मलबे में दबकर घायल हो गई। मकान गिरते ही चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि हम लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन मकान इस तरह से गिरे थे कि कोई अंदर जाने की हिम्मत नहीं कर रहा था। डर था कि जो दीवारें खड़ी हुई हैं, वह भी न गिर जाए। थोड़ी देर में पुलिस भी पहुंच गई। ठऊफ्रको बुलाया गया।

## तरंग शक्ति-युद्धाभ्यास आज से

### तख्तापलट के चलते बांग्लादेश के शामिल होने पर संशय

**चेन्नई। तमिलनाडु के सुलूर में आज से भारतीय वायुसेना की एयर एक्सरसाइज तरंग शक्ति शुरू हो रही है। इसमें दुनिया भारत समेत दुनिया की 10 सबसे ताकतवर एयरफोर्स शामिल हो रही हैं। भारत इसमें स्वदेशी लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन करेगा। इनमें तेजस, राफेल, मिराज, जगुआर और मिग 29 शामिल हैं। तरंग शक्ति में शामिल होने वाले बाकी देशों में अमेरिका, फ्रांस, यूके, ऑस्ट्रेलिया, जापान, यूआईई, हंगरी, जर्मनी, स्पेन, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश का नाम है।**

यह पहला मौका होगा, जब जर्मन एयरफोर्स भारतीय वायुसेना के साथ मिलकर युद्ध अभ्यास करेगी। हालांकि बांग्लादेश में हाल ही में हुए तख्तापलट के कारण उसकी वायुसेना के आने पर संशय है। बांग्लादेश के वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल हसन महमूद खान ने दो महीने पहले ही पद संभाला है। हालांकि बांग्लादेश अभी तक पीछे नहीं हटा है। बांग्लादेश में पीएम शेख हसीना के इस्तीफे और देश छोड़कर जाने के बाद से राजनीतिक संकट हो गया है। देश की कमान फिलहाल सेना के हाथ में है। हमें इंतजार करना होगा, क्योंकि अब प्राथमिकताएं अलग हैं।

## राज्य में मंदी है, धन का दुरुपयोग हो रहा-राज्यपाल

**कोलकाता।** बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि राज्य के वित्तीय प्रबंधन में कई खामियां हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर फंड को डायवर्ट करने का भी आरोप लगाया। बोस ने कहा, यह देखना राज्यपाल का कर्तव्य है कि सरकार का कामकाज संविधान के तहत हो। मुझे भारतीय रिजर्व बैंक और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के विश्लेषण से अनियमितताओं की जानकारी मिली है। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि प. बंगाल में वित्तीय मंदी है। धन का दुरुपयोग किया जा रहा। गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित धन का इस्तेमाल अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की कई फिजूलखर्चियों को टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैंने राज्य में वित्तीय स्थिति को लेकर एक श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। मैं एक दिवालिया राज्य की वित्तीय स्थिति के बारे में तथ्यात्मक स्थिति देखना चाहता हूं। संविधानिक रूप से राज्यपाल इसके लिए सक्षम है। प्रशासन के किसी भी पहलू पर मुख्यमंत्री से जानकारी मांगना राज्यपाल की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के लिए राज्यपाल को इस प्रकार की जानकारियां देना वैधानिक है। मैं इसका इंतजार करूंगा। पिछले महीने बोस ने बजट को जन-समर्थक बताया था। उन्होंने कहा था कि यह बंगाल सरकार के लिए केंद्र की ओर से आवंटित धन को प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने का एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है।



### राज्य में मंदी है, धन का दुरुपयोग हो रहा-राज्यपाल

'निष्क्रिय राज्यपाल' की अवधारणा अब पुरानी हो गई पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का कहना है कि 'निष्क्रिय राज्यपाल' की अवधारणा अब पुरानी हो गई है। उन्होंने कहा कि अब निर्वाचित मुख्यमंत्री को सरकार का अग्रणी चेहरा बनना चाहिए। इसके अलावा राज्यपाल को निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में पृष्ठभूमि में होना चाहिए।

### करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

झारखंड के पलामू जिले में मंगलवार सुबह करंट लगने से पिता नागेंद्र चंद्रवंशी (55) और पुत्र पिंटू चंद्रवंशी (30) की मौत हो गई। घटना हुरलौंग गांव की है। पुलिस ने बताया दोनों खेत पर काम कर रहे थे। वहां करंट के तार लटके हुए थे, इसी दौरान दोनों करंट की चपेट में आ गए।

## बांग्लादेश मुद्दे पर सरकार के साथ कांग्रेस,भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर हो चर्चा

नईदिल्ली। बांग्लादेश के हालात पर भारत सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश की स्थिति की जानकारी दी। वहीं बांग्लादेश के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने सरकार का साथ दे रही है। मंगलवार को कांग्रेस सांसदों ने कहा कि बांग्लादेश के मामले में दोनों सदनों में चर्चा की जरूरत है। कांग्रेस सांसद फौजिया खान ने कहा कि यह गंभीर मामला है। बांग्लादेश पर धर्म निरपेक्ष विरोधी ताकतों ने कब्जा कर लिया है। यह हमारे देश के लिए भी गंभीर मुद्दा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं तो उन पर ध्यान देना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुडे.इस मुद्दे पर संसद



में भी चर्चा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री को सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक करके सहमति बनानी चाहिए। साथ ही सरकार को संसद में इस मुद्दे पर बोलना चाहिए। कांग्रेस सांसद कार्ति पी चिदंबरम ने कहा कि बांग्लादेश में जो भी हो रहा है वह काफी चिंताजनक है। हमारे नागरिकों की सुरक्षा पर विचार किया जा रहा है। देश की सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा काफी महत्वपूर्ण है। हमें तय करना होगा कि बांग्लादेश में जो भी सरकार बने वह हमारे राष्ट्रीय हित के भी अनुरूप हो। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश में स्थिति काफी संवेदनशील है। यह स्थिति दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के लिए काफी चिंताजनक है। इस मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा होनी चाहिए।

## हिमाचल में 87 सड़कें ब्लॉक

नईदिल्ली। हिमाचल प्रदेश में लैंडस्लाइड और बाढ़ के कारण 87 सड़कें बंद हैं। राज्य में 6,7 और 8 अगस्त को भारी बारिश अलर्ट है। शिमला के रामपुर के पास समेज गांव में रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन जारी है। 31 जुलाई को कुल्लू, मंडी और शिमला में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में 13 लोगों की मौत हुई थी। 40 लोग लापता हैं। आईएमडी ने आज 20 राज्यों में भारी बारिश की संभावना जताई है। छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में यलो अलर्ट है।

*154 बॉडी पाट्र्स का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया*

# वायनाड, मौत का आंकड़ा 402 पहुंचा: लगभग 400 लापता

**वायनाड। केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद हुए लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 402 हो गई हैं। इनमें से 181 लोगों के शरीर के सिर्फ टुकड़े ही मिले हैं। 180 लोग अब भी लापता हैं। सर्च ऑपरेशन का आज (6 अगस्त) 8वां दिन है। रेस्क्यू टीम आज सोचीपारा के सनराइज वैली इलाके में तलाशी की जाएगी।**

यह एक ऐसा दुर्गम क्षेत्र है, जहां अब तक रेस्क्यू का काम नहीं हुआ था। वायुसेना के हेलिकॉप्टर से एक टीम यहां पहुंचेगी। वहीं प्रभावित इलाकों को 6 जोन में बांटकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इधर सोमवार देर रात पुथुमाला में लैंडस्लाइड में मारे गए 29 अज्ञात लोगों और 154 बॉडी पाट्र्स का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए आज मंगलवार को सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया है। वायनाड में 29-30 जुलाई देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में लैंडस्लाइड हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं। वायनाड के चूरलमाला में रहने वाले 42 वर्षीय मंसूर ने पीटीआई से बातचीत में कहा- मैं उस दिन अपने घर पर नहीं था। मैंने एक ही रात में परिवार के 16 सदस्यों को खो दिया। अब तक 4 ही लोगों की बॉडी मिली है। बेटे की बॉडी मिली है। बेटी समेत 12 लोग लापता हैं। इस घटना में मेरा परिवार, मेरा घर, सब कुछ चला गया। मेरे पास कुछ नहीं बचा। मैं फिलहाल अपने भाई नासिर के साथ रह रहा हूं।



### 6 दिन बाद घर लौटा पालतू डॉग टिप्पू

वायनाड में लैंडस्लाइड के बाद से लापता एक पालतू डॉग टिप्पू 6 दिन बाद सोमवार को अपने घर लौटा है। रेस्क्यू टीम ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल को टिप्पू बाढ़ के पानी में डूबा एक घर में फंसा मिला। ह्यूमेन सोसाइटी के हेमंत बायट्रॉय ने कहा, टिप्पू को सुरक्षित रेस्क्यू करके हम बहुत खुश हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हम और भी सैकड़ों फंसे जानवरों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। अब टिप्पू को एनिमल हसबेंडरी डिपार्टमेंट में ले जाया गया है, जहां उसे मेडिकल सुविधा मिलेगी। लैंडस्लाइड वाली जगह से दूर रहने वाले मंसूर के भाई नासिर ने बताया कि घटना से पहले अधिकारियों की ओर से कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। जब जलस्तर बढ़ रहा था, तो मैंने अपने भाई के परिवार को कहा कि वे मेरे घर आ जाएं। उन्होंने कहा कि वे सुरक्षित हैं, लेकिन इस त्रासदी में अब सब कुछ खत्म हो गया।

# 5 हजार करोड़ का कर्ज लेगी सरकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार मंगलवार को 5 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रहा है। इस कर्ज की राशि से लाड़ली बहनों की मासिक किश्त और राखी के गिफ्ट का भुगतान किया जाएगा। साथ ही कर्मचारियों के 8 माह के बकाया एरियर्स का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा कर्ज की राशि का उपयोग सरकार की प्राथमिकता वाले अन्य कामों में किया जाएगा। कर्ज की इस राशि का भुगतान ऑक्शन की प्रक्रिया के बाद सरकार

## लाड़ली बहनों की किश्त, कर्मचारियों के एरियर्स का होगा भुगतान

को 7 अगस्त को होगा। प्रदेश सरकार 6 अगस्त को दो अलग-अलग कर्ज



लेगी। जिसके लिए 11 साल और 21 साल की अवधि में ब्याज का भुगतान किया जाएगा। कर्ज की राशि अलग-अलग 2500-2500 करोड़ रुपए होगी। चालू वित्त वर्ष में मोहन यादव सरकार पहली बार यह कर्ज लेने जा रही है। प्रदेश सरकार पर 31 मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष में 3 लाख 75 हजार 578 करोड़ रुपए का कर्ज है। जो पिछले एक साल में 44 हजार करोड़ रुपए बढ़ा है। 31 मार्च 2023 को सरकार पर कर्ज की राशि 3 लाख 31 हजार करोड़ रुपए से अधिक थी।

**लाड़ली बहनों की किश्त पर 1650 करोड़ होंगे खर्च**

इस कर्ज की राशि से मोहन यादव सरकार लाड़ली बहना योजना की किश्त का भुगतान करेगी। 10 अगस्त लाड़ली बहना को 1250 रुपए मासिक किश्त का भुगतान करने पर करीब 1650 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा 324 करोड़ रुपए का खर्च लाड़ली बहनों को राखी के लिए दिए जाने वाले 250 रुपए के भुगतान पर आएगा। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि चूंकि राज्य सरकार ने प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों और साढ़े चार लाख पेंशनर्स को महंगाई भत्ते का एरियर्स तीन किश्तों में देने का आदेश जारी किया है। इसलिए चालू महीने और अगले महीनों में किए जाने वाले एरियर्स के भुगतान पर भी सरकार को करोड़ों रुपए का भार वहन करना पड़ेगा। इसी के मद्देनजर यह लोन लिया जा रहा है। स-रकार इस राशि का उपयोग प्रदेश के अधोसंरचना विकास कार्यों में भी करेगी।




# देश में 95 फीसदी यात्री ट्रेनों में लगे बॉयो टॉयलेट...!!!

भोपाल। निशातपुरा स्थित रेलवे कोच फैक्ट्री में हर साल औसतन 400 के आसपास कोचों में बॉयो टॉयलेट लगाए गए। तीन साल का आंकड़ा देखें तो 1125 कोच में 4500 बॉयो टॉयलेट यहां लगाए गए। इनमें प्रति कोच 120 लीटर लिक्विड बैक्टीरिया का उपयोग किया गया। इस तरह कुल 54 हजार लीटर लिक्विड बैक्टीरिया की खपत 1125 कोचों में लगे बॉयो टॉयलेट में की गई। पश्चिम-मध्य रेल जोन के सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव का कहना है कि बॉयो टॉयलेट लगने से स्टेशन एरिया, रेलवे ट्रैक काफी साफ रहने लगा है। इस वजह से ट्रैकमैन को काम करने में काफी आसानी हो गई है। सबसे खास बात यह रही कि रेल मंडल ही नहीं देशभर में चलाई जा रही सभी यात्री ट्रेनों के कोच में अब बॉयो टॉयलेट लगाए जा चुके हैं। इनसे रेलवे ट्रैक पर केवल ट्रीटेड वॉ-टर ही गिर रहा है। इस वजह से ट्रैकमैन को पूर्व में होने वाली ई-कोलाई समेत वायरस इंफेक्शन से होने वाली बीमारियों से काफी हद तक निजात मिल गई है। रेलवे और रक्षा अनुसंधान विकास संगठन डीआरडीओ ने वर्ष-2010 में बॉयो टॉयलेट का अविष्कार किया।



ढाई लाख से ज्यादा : रेलवे ने अब तक 95 फीसदी से ज्यादा ट्रेनों में ढाई लाख से ज्यादा बॉयो टॉयलेट लगा लिए हैं। इससे रेलवे ट्रैक पर 2 लाख 74 हजार लीटर से ज्यादा मानव अपशिष्ट का ट्रैक पर गिरना बंद हो चुका है। पर्यावरण के अनुकूल...बॉयो टॉयलेट एक पूरा अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी समाधान है। जो बैक्टीरियल इनोकुलम की मदद से ठोस मानव अपशिष्ट को बॉयो गैस और शुद्ध पानी में बदल देता है। यह सिस्टम पर्यावरण के काफी अनुकूल, कम खर्च वाला और साफ-सफाई की दृष्टि से सुदृढ़ व मानव अपशिष्ट के निपटान की उच्चतम तकनीक है। हर बॉयो टॉयलेट में लगे टैंक को तीन महीने के अंतरारल से 10 लीटर बैक्टीरिया डालकर रीफिल किया जाता है। जब यह एनारोबिक लिक्विड बैक्टीरियल मैटेरियल मानव उत्सर्जन में पहुंचता है, वह इसे गैस और तरल पदार्थ में बदल देता है। इस दौरान मीथेन और कार्बनडाय आक्साइड गैसें बाहर निकल जाता है। तरल पदार्थ को क्लोरीन से ट्रीट कर कीटाणु रहित बनाकर जमीन पर छोड़ दिया जाता है।
–सौरभ कटारिया, सीनियर डीसीएम, भोपाल

## इन ट्रेनों की अवधि में विस्तार..!!

09321 डॉ. अंबेडकर नगर-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस की सेवा 30 नवंबर तक बढ़ाई गई है।

09322 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस की सेवा 1 दिसंबर तक बढ़ाई गई है।

09493 अहमदाबाद-पटना (साप्ताहिक) की सेवा 25 अगस्त तक बढ़ाई गई है।

09494 पटना-अहमदाबाद (साप्ताहिक) की सेवा 27 अगस्त तक बढ़ाई गई है।

## 7 दिवसीय प्रदर्शनी

डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान की और से अस्त्र-शस्त्र पर आधारित 7 दिवसीय प्रदर्शनी इन दिनों राज्य संग्रहालय में आयोजित की जा रही है। यह प्रदर्शनी 5 जुलाई तक दोपहर 3 बजे से लोग देख सकते हैं।

## एम्स में 10 अगस्त को इंटरव्यू

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स) ने हाल में मेडिकल फिजिसिस्ट की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था।
यह नियुक्ति संविदा आधारित है। इस पद के लिए इंटरव्यू 30 जुलाई को आयोजित होना थे।

# कांग्रेस करेगी अलग-अलग जिलों में प्रदर्शन

**भोपाल।** चुनावों में हार के बाद कांग्रेस अब संगठन को ताकत देने और कार्यकर्ताओं में जोश भरने हफ्ते भर तक लगातार विरोध-प्रदर्शन करेगी। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी आज इंदौर में नगर निगम में हुए घोटालों के खिलाफ दिए जा रहे धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगी। इंदौर के बाद अलग-अलग जिलों में कांग्रेस शक्ति प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस आज से 13 अगस्त तक लगातार अलग-अलग जिलों में धरना प्रदर्शन करेगी। आज इंदौर में नगर निगम में हुए घोटालों के विरोध में प्रदर्शन करेगी। इसके बाद 8 अगस्त को दतिया, 9 अगस्त को भिंड के लहार, 12 अगस्त को सागर और 13 अगस्त को सीएम डॉ. मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन में कानून व्यवस्था, करप्शन, घोटालों सहित तमाम स्थानीय मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन और कलेक्टर कार्यालयों का घेराव होगा।
लहार और उज्जैन के विरोध प्रदर्शन में एमपी के सभी दिग्गजों को बुलाया गया है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के अलावा प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अरुण यादव, अजय सिंह राहुल, सहित सभी दिग्गजों को बुलाया है।




### 13 अगस्त तक के कार्यक्रम

8 अगस्त - सुबह 7 बजे भोपाल से कार द्वारा दतिया के लिए रवाना होंगे। सुबह 11 बजे दतिया में पीतांबरा माता के दर्शन कर दोपहर 12 बजे दतिया में बिगडती कानून व्यवस्था सहित तमाम मुद्दों पर कलेक्टर, एसपी कार्यालय के घेराव में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 4 बजे ग्वालियर पहुंचकर कांग्रेस कार्यकताओं से भेंट करेंगे। रात्रि विश्राम भी ग्वालियर में ही करेंगे।
9 अगस्त को सुबह 11 बजे ग्वालियर से रवाना होकर 12:30 बजे भिंड जिले के लहार कस्बे में पहुंचेंगे। यहां जिला प्रशासन द्वारा कांग्रेस कार्यकताओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाईयों के विरोध में जिला प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।
12 अगस्त- सुबह 9 बजे भोपाल से रवाना होकर दोपहर 12 बजे सागर पहुंचेंगे। यहां दलितों पर हुए अत्याचारों के खिलाफ और बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे। इस-के बाद शाम को भोपाल पहुंचेंगे।
13 अगस्त को सुबह 10 बजे भोपाल से रवाना होकर दोपहर 12:30 बजे उज्जैन पहुंचकर महाकाल के दर्शन करेंगे। दोपहर एक बजे कानून व्यवस्था, उज्जैन में रोज घट रहीं आपराधिक घटनाओं के विरोध में कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे।
लहार-उज्जैन में सभी दिग्गजों को बुलावा

विद्यार्थियों के साथ राहगीरों के लिए भी खतरनाक

# जर्जर दीवार दे रही हादसे को न्यौता

**भोपाल।** लापरवाही के चलते सागर और रीवा जिले में दीवार गिरने से 13 बच्चों की मौत हो गई। ऐसी ही एक दीवार भोपाल के हमीदिया गर्ल्स स्कूल में मौजूद है। 22 फीट से अधिक ऊंची यह दीवार न केवल स्कूल के बच्चों के लिए खतरा है, बल्कि सड़क से गुजरने वाले राहगीरों की जान भी जोखिम में रहती है। करीब 6 साल से यह दीवार सड़क की तरफ झुकी है। स्कूल प्रबंधन के अनुसार 2 साल पहले इसे जर्जर घोषित कर दिया था। स्कूल प्रबंधन लगातार इसे लेकर विभाग को पत्र लिख रहा है।(जब यह दीवार झुकना शुरू हुई थी, तब पीडब्लूडी ने इसकी जांच भी की थी। इस पर नोटिस भी लगाया कि यह दीवार खतरनाक है। इसके अलावा स्कूल



की एक अन्य दीवार भी सड़क की तरफ है जो पिछले एक साल से सड़क की ओर झुक रही है। भोपाल के स्टोरी टेलर सि-कंदर मलिक ने बताया- इसको हुमायूं मंजिल कहा जाता था, शाहजहां बेगम के समय की बनी यह बिल्डिंग 1870 के समय की है। यहां पर शमला परिवार रहा करता था, यह परिवार जब शमला कोठी चला गया, उसके बाद यहां पर स्कूल शुरू हुआ।

### साल भर पहले गिरा था दीवार का एक हिस्सा..!!

इस दीवार का एक बड़ा हिस्सा करीब साल भर पहले गिरा था, यह गनीमत था कि उस समय यहां नीचे कोई मौजूद नहीं था, यह हिस्सा यहां पर खड़ी एक गाड़ी पर गिरा था। जिसके बाद भी प्रशासन ने अभी तक इसको गिराया नहीं। बची हुई दीवार के ऊपरी हिस्से पर बड़े-बड़े पेड़ भी लग गए हैं। इसके अलावा स्कूल के फ्रंट में मौजूद दीवार भी इन दिनों काफी खतरनाक स्थिति में है। इस दीवार की इतनी अधिक हाइट की बात की जाए तो जनरल औबेदुल्ला खान ने अपने घर की महिलाओं के पर्दे को ध्यान में रखते हुए इस दीवार का निर्माण करवाया था।

# वन विभाग में बड़े अफसरों का टोटा

## वन मुख्यालय में 5 के बजाय 10 पीसीसीएफ और एपीसीसीएफ 25 की बजाए सिर्फ 4

**भोपाल। वन विभाग के मुख्यालय में प्रशासनिक ढांचा गड़बड़ा गया है। पीसीसीएफ अधिकारियों की संख्या 14 जा पहुंची है, जिसमें से 4 प्रतिनियुक्ति पर निगम-मंडलों में हैं और 10 वन मुख्यालय में कार्यरत हैं। जबकि मुख्यालय में पीसीसीएफ के कुल स्थाई पद 5 ही हैं, 4 अस्थाई अतिरिक्त पद सिर्फ एक साल के लिए हैं। लेकिन दूसरी ओर एपीसीसीएफ अफसरों के स्वीकृत 25 पदों की तुलना में सिर्फ 4 ही अधिकारी मुख्यालय में कार्यरत हैं।**

वन विभाग के पास कुल एपीसीसीएफ अफसरों की संख्या सिर्फ 12 रह गई है, जिसमें से 5 प्रतिनियुक्ति पर निगम मंडलों में कार्यरत हैं, जबकि एपीसीसीएफ 2 अधिकारी एल कृष्णमूर्ति और उत्तम शर्मा नेशनल पार्कों में सीसीएफ स्तर की फील्ड डायरेक्टर की पोस्ट पर जमे हैं। एक अधिकारी बिंदु शर्मा दिल्ली में एपीसीसीएफ जनसंपर्क हैंk2025 तक एपीसीसीएफ अफसरों की संख्या आधी रह जाएगी-वन अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2027 में विभाग में ऐसी स्थिति आने वाली है, जब वन मुख्यालय में पोस्टिंग लिए राज्य शासन के पास एपीसीसीएफ अधिकारी एक भी नहीं होंगे और पीसीसीएफ बनाने के लिए मुश्किल से एक-दो अधिकारी ही होंगे। अगले साल 2025 में प्रदेश में एपीसीसीएफ अफस-रों की संख्या 12 से घटकर सिर्फ 6 ही रह जाएगी। 2026 में सिर्फ 4 रह जाएगी। 2027 से 2035 तक विभाग में सीनियर स्तर के अधिकारियों का भारी टोटा रहेगाkक्योंकि एपीसीसीएफ बनने के लिए आईएफएस अधिकारी के रूप में 25 साल की सर्विस होना जरूरी है। जबकि पीसीसीएफ के लिए 30 साल की सर्विस होना जरूरी है। राज्य वन सेवा से प्रमोट होकर आईएफएस बनने वाले इस क्रा-इट एरिया को पूरा नहीं कर पाते हैं, इस कारण वे अधिकतम सीसीएफ के पद से सेवानिवृत हो जाते हैं। सीसीएफ के लिए 18 साल और सीएफ के लिए 14 साल की सर्विस के बाद ही पदोन्नति होती है।

# शहर में शराब तस्कर सक्रिय

**भोपाल।** एक बार फिर शहर में शराब तस्कर सक्रिय हो गए हैं। दो महीने पहले जहां सिर्फ 13 ही शराब तस्कर निगरानी की सूची में थी, वहीं अब इनकी संख्या 31 तक पहुंच गई है। यह संभव हुआ है आबकारी और पुलिस विभाग के साथ काम करने से। पुलिस में भी शराब तस्करी के मामले दर्ज हैं। पहली बार पुलिस से भी पकड़े गए तस्करों के नाम लिए गए। आबकारी विभाग ने नई सूची जारी की है। इन सभी पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जून में निगरानी सूची में 16 तस्कर थे तो जुलाई में संख्या घटकर 13 हो गई थी। इसके बाद अगस्त में फिर इनकी संख्या बढ़कर 31 हो गई। आबका-री विभाग ने पुलिस थानों से संपर्क कर उनके यहां शराब तस्करी में पक-ड़े गए तस्करों की सूची ली। उसके बाद सामने आया कि कुछ आरोपियों को दोनों के द्वारा पकड़ा गया है।

## 60 लाख हड़पे, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**भोपाल।** शाहपुरा इलाके में एक स-र्विस सेंटर संचालक से कारोबार में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कारोबार में निवेश के नाम पर उनके दोस्त ने 60 लाख रुपए ठग लिए। तमाम प्रयासों के बाद भी जब आरोपी ने रकम वापस नहीं की तो पुलिस में शिकायत की गई। पुलिस ने जांच के बाद धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। एसआई उपेंद्र सिंह के मुताबिक शाहपुरा निवासी अनुराग पटेल आरपीएम नाम से सर्विस सेंटर चलाते हैं। कुछ समय पहले अनुराग ने अपने दोस्त विभू मौर्य को 73 लाख रुपए कारोबार में निवेश करने के नाम पर दिए थे। बाद में आरोपी विभू ने उन्हें 13 लाख रुपए वापस कर दिए थे। बकाया 60 लाख रुपए वापस करने के लिए अपने पिता के नाम का चैक दिया था। बाद में चैक बाउंस हुआ तो अनुराग ने कोर्ट में केस दायर किया था।

# पीडब्ल्यूडी और नगर निगम दोनों की खुल रही पोल-पीक ऑवर्स में चौराहों पर लंबी कतारें

**भोपाल।** लगातार हो रही बारिश ने शहर की सड़कों की पोल खोल दी है। सड़कों की गुणवत्ता की हालत यह है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई प्रमुख सड़कों में से 70 फीसदी गारंटी पीरियड में ही खराब हो गई हैं। यही हाल नगर निगम की बनाई गई सड़कों के भी हैं। यह तस्वीर सोमवार को शहर के 7 नंबर स्टॉप रोड की है। शाम 6:30 बजे से यहां जाम के हालात बनने लगे थे और करीब 1 घंटे यही स्थिति रहीkऐसे हालात अमूमन सभी प्रमुख सड़कों के हैं। शहर में पीक आवर्स में जाम इसलिए लग रहा है क्योंकि गड्ढों के कारण वाहन रेंगने को मजबूर हैं। निगम के पास भोपाल में करीब 2000 किमी सड़कें हैं। इनमें 20 किमी तो ऐसी हैं, जिनमें गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। 30 किमी से ज्यादा लंबी वो एप्रोच रोड भी खराब हैं। नगर निगम के अधीन 2000 किमी में से करीब 100 किमी लंबी मुख्य



सड़कें डामर से बनी हैं। खराब सड़कों या उनमें बढ़ते गड्ढों की लगातार शिकायतें मिलने के बाद निगम की सिविल शाखा ने सड़कों की वास्तविक स्थिति का आकलन करवाया है। इस आधार पर पैचवर्क की तैयारी की जा रही है। खराब सड़कों की शिकायतों की जल्द ही मंत्री समीक्षा भी कर सकते हैं।

# भोपाल में बीजेपी की आज बड़ी बैठक

## जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी होंगे शामिल :शिवप्रकाश–सीएम मोहन यादव देंगे कार्यक्रमों की जानकारी

भोपाल। भोपाल में मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक अहम बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में बीजेपी के सभी जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, और प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। सुबह 11 बजे से होने वाली इस बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश,प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, सीएम डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद




शर्मा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देंगे।

**11 अगस्त से तिरंगा यात्रा होगी शुरू**

आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के पहले बीजेपी की यह बैठक अहम है। इस बैठक में 11 अगस्त से प्रदेश भर में शुरू होने वाली तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा अभियान और 14 अगस्त को भारत-पाकिस्तान बंटवारे की बरसी पर विभाजन विभीषिका मनाने की जानकारी दी जाएगी।

# सरकारी स्कूलों की हालत खराब, 42 जर्जर, 4 गिरने की कगार पर

भोपाल। शहर में 42 स्कूल जर्जर भवनों में चल रहे हैं। इनमें से 4 स्कूल कभी भी गिर सकते हैं। हमीदिया क्रमांक 1, जहांगीरिया, सुल्तानिया, हमीदिया क्रमांक 2 का प्राथमिक भवन अति जर्जर हालत हैं। पूरी बिल्डिंग जर्जर होने की वजह से क्लॉस भी दूसरे कमरों में शिफ्ट नहीं की जा सकती हैं। इसके बाद इन स्कूलों को शिफ्ट किया जा रहा है। इनमें से जहांगीरिया स्कूल हेरिटेज है जिसमें पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा पढ़े थे।
जिला शिक्षा अधिकारी की इस रिपोर्ट पर कलेक्टर ने सभी स्कूलों को जल्द से ठीक करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही गंभीर स्थिति वाले भवनों से बच्चों की क्लास लगाने पर रोक लगा दी है। यह सर्वे सागर में दीवार गिरने से हुई 9 बच्चों की मौत के बाद कराया गया। बैरसिया और कोलार में कुछ स्कूलों से बच्चों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। कलेक्टर ने सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों भवनों का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। इब्राहिमपुरा में जहांगीरिया स्कूल 1895 में बना हेरिटेज स्कूल है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी यहीं पढ़े थे। यहां अचानक कभी भी छत का प्लास्टर या दीवार गिर जाती है। दूसरी मंजिल पर बने कमरों में मलबे के ढेर हैं। करीब दो साल से ज्यादा समय से यही स्थिति है। अब इसे शिफ्ट किया जाने की तैयारी है।

## नेपा लिमिटेड के लिए 150 करोड़ की वित्तीय सहायता मांगी

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल

**खंडवा। खंडवा संसदीय सीट से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मंगलवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने कोरोना काल के समय से बंद पड़ी ताप्ती मिल को दोबारा चालू करने और एशिया की पहली अखबारी कागज मिल को 150 करोड़ की वित्तीय सहायता देने का अनुरोध किया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जयश्री ज्ञानेश्वर पाटिल भी मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री मांग पत्रों पर विचार कर निर्णय लेने की बात कही।**

### ताप्ती मिल को दोबारा चालू करेंगे



सांसद ने प्रधानमंत्री को पत्र सौंप कर मांग की कि मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा के तहत विधानसभा बुरहानपुर में नेशनल टेक्सटाइल कॉर्पोरेशन की यूनिट बुरहानपुर ताप्ती मिल बुरहानपुर के उपनगर लालबाग में संचालित है। इस मिल को केंद्र सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपए देकर आधुनिकरण किया गया था। जिसके कारण इस मिल में प्रत्यक्ष रूप से 800 श्रमिक रोजाना कार्यरत थे। इस मिल पर अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 1200 परिवार आधारित है।

ताप्ती मिल के वर्क कल्चर अच्छा होने के कारण यह मिल कभी भी घाटे में नहीं गई। एनटीसी की चलने वाली 25 मिलों में ताप्ती मिल एक नंबर पर थी। 2020 में कोरोना महामारी की वजह से इस मिल का संचालन बंद कर दिया गया। इस मिल के बंद होने के कारण 1200 परिवार प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए आमजन की समस्याओं को देखते हुए ताप्ती मिल को का संचालन दोबारा किए जाने के लिए सहयोग करें। जिससे क्षेत्र के लगभग 1200 परिवारों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा।



### *नेपा लिमिटेड के लिए 150 करोड़ रुपए की वितीय सहायता की मांग*

सांसद पाटिल ने प्रधानमंत्री मोदी से नेपा मिल से जुड़े विषय पर पत्र सौंप आग्रह किया। बताया कि नेपा लिमिटेड नेपानगर आदिवासी विकासखण्ड खकनार जिला बुरहानपुर के नेपानगर तहसील में स्थित होकर इस अति पिछडे.खण्डवा संसदीय क्षेत्र की नेपानगर विधानसभा के लगभग 100 गांवों की 50 हजार जनसंख्या प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से इस कारखाने पर निर्भर है। अर्थव्यवस्था की धुरी होकर रोजगार का एकमात्र साधन है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में इस संस्थान में लगभग 2000 श्रमिक कार्यरत थे जो आज मात्र नियमित 141 ही शेष बचे हैं। इस कारखाने को भारत सरकार द्वार वर्ष 2012 व 2018 में नवीनीकरण के लिए 625 करोड रुपयों की आर्थिक सहायता दी गई थी। नवीनीकरण के कार्यों को पूरा कर 2022 से यह मिल व्यवसायिक उत्पादन व विक्रय प्रारम्भ कर चुका है। नवीनीकरण के बाद कार्यशील पूंजी के अभाव में कारखाना अपनी पूर्ण दक्षता के साथ उत्पादन करने में असमर्थ है। इसलिए उत्पादन प्रक्रिया जारी रखने के लिए 150 करोड रुपए की कार्यशील पूंजी की वित्तीय सहायता प्रदान करें।

# लापता छात्रा को बाग पुलिस दिल्ली से ढूंढ कर लाई..!!




**कुक्षी। कक्षा 10वीं में पढ़ने वाली छात्रा के घर जाने के दौरान लापता हो जाने घटना के बाद बाग पुलिस थाने पर प्रकरण दर्ज हुआ था। लापता छात्रा की खोज के लिए साइबर सेल की मदद से मिली लोकेशन के आधार पर बाग पुलिस की टीम दिल्ली पहुंची। दिल्ली पुलिस की सहायता लेते हुए कड़ी मशक्कत के बाद नाबालिग छात्रा के साथ आरोपी को ढूंढ निकाला। आरोपी ने नाबालिग छात्रा से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर प्रेमजाल में फंसाया था। दिल्ली में नाबालिग से नमाज पढ़वाई और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हुए दुष्कर्म भी किया। पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग छात्रा को परिजनों के सुपुर्द कर आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया है।**

जानकारी अनुसार छात्रा के लापता होने की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 137(2) के तहत दर्ज प्रकरण की विवेचना में साइबर सेल की मदद से लापता छात्रा की लोकेशन प्राप्त की। बाग टीआई कैलाश चौहान के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर दिलीप खांडे, प्रआ सखाराम गोखले, उत्तम महिला आरक्षक फूलवती की टीम को दिल्ली भेजा गया। जहां दिल्ली पुलिस की मदद से लापता छात्रा के साथ आरोपी को ढूंढ लिया गया। पीड़ित नाबालिग ने अपने बयान में बताया कि आरोपी सोशल मीडिया पर दोस्ती कर अच्छी स्टेटस दिखा कर शादी का झांसा देकर उसे दिल्ली ले गया। दिल्ली में उससे बलपूर्वक नमाज पढ़वाई, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हुए दुष्कर्म करता रहा। अपहृत नाबालिग बालिका को लाने कार्रवाई में बाग टीआई कैलाश चौहान, सऊनि दिलीप खांडे , प्रमिला जमरे, प्रआ सखाराम गोखले, कैलाश गहलोत, लोकेश शुक्ला, आर उत्तम, फूलवती, दुर्गेश, कैलाश और साइबर सेल के भेरू सिंह देवड़ा की सराहनीय भूमिका रही।

## नेपानगर में महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा

**बुरहानपुर।** नेपानगर में मंगलवार को महिलाओं ने श्रावण मास के चलते कांवड़ यात्रा निकाली। महिलाएं अपने हाथों में कांवड़ और कलश लेकर चलीं। दरअसल, स्थानीय पांधार एरिया स्थित बिल्वेश्वर महादेव मंदिर महिला मंडल की ओर से यह कांवड़ यात्रा निकाली गई। यह कांवड़ यात्रा पांधार नदी का जल भरकर शहरभर में घूमी। साथ ही वापस बिल्वेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। इस दौरान काफी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रहीं। कांवड़ यात्रा पांधार एरिया से निकलकर बस स्टैंड होते हुए अंबेडकर चौराहा, मातापुर बाजार से क्षेत्र के अन्य हिस्सों में घूमी। यहां से वापस पांधार एरिया स्थित बिल्वेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। हर साल महिला मंडल की ओर से श्रावण मास में यह कांवड़ यात्रा निकाली जाती है।



### किराना दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बेड़ियो किराना दुकान में चोरी कर सामान बेचने जा रहे दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों से चोरी का सामान व नकद राशि जब्त की गई है। टीआई धर्मेंद्र यादव ने बताया 2 अगस्त को ग्राम रविरखेड़ी में किराना दुकान संचालित करने वाले ओमप्रकाश ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई थी। उसके अनुसार दुकान का पिछला दरवाजा तोड़कर घुसे बदमाश दुकान से 3 हजार रुपए मूल्य की 6-7 किलो सुपारी व 4 से 5 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। सूचना पर पुलिस टीम गठित कर संदिग्धों की जानकारी जुटाई।

# पारिवारिक विवाद के चलते खाया जहर

खंडवा। जिला खंडवा के थाना खालवा के अंतर्गत खूटीघाट में आंगनवाड़ी के पास एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 05-08-2024 को रात्रि 09:23 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल खालवा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक मनीष कुमार एवं पायलट लखन पालवी ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि 35 वर्षीय व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, अस्पताल ले जाने के लिए अन्य कोई साधन न मिलने पर परिजनों ने डायल 100 को कॉल कर मदद माँगी । डायल-112/100 स्टाफ ने पीड़ित को एफ.आर. व्ही वाहन से ले जाकर शासकीय अस्पताल खालवा मे भर्ती करवाया जहाँ पीड़ित व्यक्ति को समय पर उपचार मिला।



# हॉस्टल के बच्चों में मिले सिकल सेल के लक्षण.!!

**धार। धार के तिरला ब्लॉक के लबरावदा गांव में स्थित एकलव्य आवासीय हॉस्टल के बच्चों में सिकल सेल के लक्षण पाए गए हैं। बीमारी को देखते हुए किट से सिकल सेल को लेकर जांच की गई थी। जिसमें पॉजिटिव होने पर सभी 17 बच्चों को एम्बुलेंस की मदद से आज (मंगलवार) जिला अस्पताल लाया गया। अब डॉक्टरों की स्पेशल टीम द्वारा प्राथमिक जांच की जा रही है। इसमें भी पुष्टि होने के बाद बच्चों का इलाज शुरू किया जाएगा। इधर, जिस हॉस्टल के बच्चों में सिकल सेल के लक्षण मिले हैं, वहां पर पूर्व में भी इसी प्रकार की आनुवंशिक बीमारी से ग्रस्ति बच्चे सामने आ चुके हैं। इसी कारण स्वास्थ्य विभाग अब सक्रिय हो गया है।**

**जानकारी के अनुसार, लबरावदा में स्थित एकलव्य आवासीय हॉस्टल के 17 बच्चों में अचानक आनुवंशिक बीमारी सिकल सेल के लक्षण मिले हैं। इन प्रभावित बच्चों को एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल लाया गया है। जहां जिम्मेदार अधिकारियों के अनुसार प्रभावित बच्चों की तमाम जांच पड़ताल के बाद ही इस बीमारी के पाए जाने की पुष्टि हो पाएगी।**

**17 बच्चों को धार जिला अस्पताल में भर्ती करवाया**

**3 दिन पहले हुई थी जांच**

दरअसल, शासन के नियम के अनुसार 3 दिन पहले आवासीय हॉस्टल में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें पहुंची स्वास्थ्य टीम को बच्चों में आनुवंशिक बीमारी सिकल सेल के लक्षण नजर आए। छात्रों में इस आनुवंशिक बीमारी के लक्षणों की चर्चा से सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया था। वहीं प्रभावित बच्चों को अस्पताल में प्रारंभिक जांच पड़ताल के साथ आवश्यक उपचार दिया जा रहा है।

जिला चिकित्सालय के प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर जितेंद्र चौधरी ने बताया कि हॉस्टल के सभी प्रभावित 17 छात्रों को संभावित सिकल सेल के लक्षणों के आधार पर जिला चिकित्सालय लाया गया है। जहां पर उनकी संपूर्ण जांच के बाद रिपोर्ट आने के बाद ही उक्त बीमारी की पुष्टि की जाएगी। फिलहाल इन्हें प्राथमिक रूप से जांच पड़ताल के साथ आवश्यक उपचार दिया जा रहा है।

बता दें कि चिकित्सा विज्ञान में सिकल सेल नामक उक्त गंभीर बीमारी आनुवंशिक बताई जाती है। जिसमें खून की कोशिकाओं के बिखरने-चटकने के बाद ब्लड सेल्स हंसिए के आकार की हो जाती है। साथ ही पीड़ित में हीमोग्लोबिन की कमी के साथ ही शरीर के जोड़ों में दर्द बना रहता है और असहनीय पीड़ा सहित कई गंभीर लक्षण सामने आते हैं। जिसके प्रभावी इलाज पर अभी तक संशय बना हुआ है, धार जिले में तेजी से बढ़ती इस गंभीर बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने केवल 25 हजार लोगों की जांच की गई है।

### चयनित मेरिट होल्डर शिक्षक कर रहे नियुक्ति का इंतजार



बुरहानपुर। उच्च माध्यमिक भर्ती परीक्षा 2023 के चयनित मेरिट होल्डर शिक्षक अपनी नियुक्ति का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इसे लेकर मंगलवार को चयनित अभ्यर्थियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एडीएम, जिला पंचायत सीईओ को अपनी समस्या बताई।

अजय महाजन, गणेश चौहान, पुष्पलता तिवारी आदि ने कहा-सभी ने परीक्षा अगस्त 2023 में दी थी जिसका परिणाम फरवरी 2024 में आया था। जून 24 में सभी के डॉक्यूमेंट अपलोड और जिला कार्यालय में वैरिफिकेशन भी हो पूरा हो चुका है, लेकिन आज तक हमें नियुक्ति पत्र नहीं मिला। अजय महाजन ने बताया प्रदेश में ऐसे 8 हजार और बुरहानपुर जिले में करीब 15 से अधिक मेरिट होल्डर शिक्षक हैं जो अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। सभी ईएसबी द्वारा आयोजित पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं। काफी समय से संघर्ष कर रहे हैं। हम किसी गैर शासकीय स्कूल में काम भी नहीं कर सकते क्योंकि हम मेरिट होल्डर शिक्षक हैं। इसलिए जल्द इस मामले में निर्णय लिया जाए।

### 65 किलोमीटर दूर कलेक्ट्रेट के लिए पैदल निकले स्टूडेंट

खरगोन। खरगोन में एकलव्य आवासीय स्कूल के 100 से ज्यादा स्टूडेंट्स 65 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय के लिए पैदल ही निकल पड़े। वे कलेक्टर की जनसुनवाई में अपनी समस्याएं रखना चाहते थे। सुबह 9 बजे आदिवासी क्षेत्र झिरन्या से निकले बच्चे 10 किलोमीटर चलकर सुबह करीब साढ़े 11 बजे सतवाड़ा गांव पहुंच गए। सूचना मिलते ही भीकनगांव एसडीएम उनसे बात करने वहां आए लेकिन बच्चों ने साफ इनकार कर दिया। कहा कि सिर्फ कलेक्टर को ही परेशानी बताएंगे।

एसडीएम बीएस कनेश ने इस बात की जानकारी कलेक्टर कर्मवीर शर्मा को दी। इस पर शर्मा, एसपी धर्मराज मीणा और असिस्टेंट कमिश्नर (ट्राइबल) प्रशांत आर्य को साथ लेकर बच्चों से मिलने पहुंचे। सड़क पर बैठकर परेशानी सुनी। शाम 4.30 बजे तक बच्चों के साथ ही रहे। असिस्टेंट कमिश्नर आर्य को समस्याओं को तुरंत निपटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने सतवाड़ा में ही बच्चों के बीच बैठकर उनकी समस्या सुनी। बच्चों ने बताया कि उन्हें भोजन, पीने के पानी के अलावा पढ़ाई संबंधी परेशानी झेलना पड़ रही है। यह सुनकर कलेक्टर ने वहां से गुजर रही निजी बस को रुकवाया और बच्चों के साथ उनके हॉस्टल आए। हॉस्टल में परोसा जाने वाला भोजन चखा, पानी भी पीया।

## व्यापारिक प्रतिष्ठानों और समाजसेवी संस्थाओं ने किया जगह-जगह स्वागत

# नर्मदेश्वर महादेव नगर भ्रमण पर निकले तो नगर हुआ शिवमय

**धामनोद। श्रावण के पवित्र मास के तीसरे सोमवार को शिवजी सवारी (शिव डोला) एवं विशाल कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन सोमवार को हुआ। श्रद्धा और ऊर्जा से परिपूर्ण कावड़ यात्रा, प्रातः 6.00 बजे माँ नर्मदा तट, खलघाट से प्रारम्भ होकर श्रीनर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पहुंची। कावड यात्रा जलपान से स्वागत प्रसादी वितरण सेवा रास्ते भर श्रद्धालुओं द्वारा किया गया।कावड़ यात्रा के पश्चात शिवजी की भव्य सवारी शिव डोला का आयोजन दोपहर 2 बजे श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर बावड़ी मोहल्ला से प्रारम्भ होकर बेंड बाजा, ढोल ताशे, डी.जे., घोड़े के साथ नगर भ्रमण पर निकली।**

***यात्रा में उमड़ा जनसैलाब छतों पर भी श्रद्धालु खड़े होकर भोलेनाथ का दर्शन कर रहे थे***

डोले में इस वर्ष भी बड़ी मात्रा में श्रद्धालु पहुंचे थे स्थिति यह थी कि कई श्रद्धालु अपने घर के ऊपर छतों से भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर रहे थे वही भोलेनाथ के डोले को उठाकर लोग नाचते गाते आगे बढ़ रहे थे नगर में कई जगह पर डोले का स्वागत हुआ पुष्प वर्षा की गई पूरा नगर इस दौरान भगवामय हो चुका था लगातार 16 वर्ष से निरंतर आयोजित शिव डोले में जानी कश्यप आर्ट ग्रुप दिल्ली सोनू काली ।आर्ट ग्रुप दिल्ली शिव अघोरी ग्रुप हरियाणा राजस्थानी लोक नृत्य महिदपुर के ढोल भस्ममेया ग्रुप उज्जैन उज्जैन की तोप जय महावीर व्यायाम शाला माधोपुर श्याम बैंड इंदौर ने शानदार प्रस्तुति दी गायक शुभम राणा और गौरी अग्रवाल के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे







### कलाकारों ने एक से एक दी प्रस्तुति,

मेरा भोला है भंडारी करे नंदी की सवारी उड़े उड़े हनुमान जी उड़े यह भगवा रंग जैसे मधुर गीतों पर डीजे और गायक अपनी प्रस्तुति दे रहे थे तो हर कोई अपने कदम ताल से मिला मिला कर नाच रहा था नर्मदेश्वर महादेव का डोला नगर में भ्रमण पर निकला धूमधाम से लोगों ने पर्व को मनाया यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए शाही सवारी के साथ प्रसिद्ध भजन गायकों ने शानदार प्रस्तुति दी साथ-साथ प्रसिद्ध लोक नृत्य के साथ कलाकारों का नृत्य एवं गगनभेदी तोप मधुर ढ़ोल एंव प्रसिद्ध अखाड़ों द्वारा शानदार प्रदर्शन के साथ नृत्य की टीम ने भी सबका मन मोह लिया सवारी का नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ बोल बम हर हर महादेव के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो गया डोला आयोजक समिति ने नगर को भगवा पताको और लाउडस्पीकर से सजाया व्यापारियों ने भी प्रतिष्ठानों से स्वागत किया जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई इसके पूर्व सुबह से ही निकली कावड़ यात्रियों का खलघाट में केला प्रसादी अन्य फलाहार करवाया गया कावड़ियों के 8:00 बजे मंदिर पहुंचने पर महाआरती एंव महाप्रसादी का वितरण हुआ बाद शाही सवारी को देखने के लिए आसपास के क्षेत्र से भी कई श्रद्धालु धामनोद आए बाबा नर्वदेश्वर महादेव का डोला निकलने को लेकर सुबह से ही नगर मैं खुशी का माहौल था पुलिस प्रशासन ने भी यातायात व्यवस्था को लेकर पूरी कमान कमान संभाल रखी थी पुलिस ने चारों तरफ से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा था बाबा की शाही सवारी का कई संस्थानों पर पुष्प वर्षा कर एवं जलपान करवाकर स्वागत किया गया

# निरंतर सामाजिक सेवा में कार्यरत लियो क्लब ने अपना 14,वा संस्थापन दिवस मनाया..!!

**धामनोद।** लियो क्लब धामनोद एक्टिव ने अपना 14 वा संस्थापन समारोह नगर के मिलन मैरिज गार्डन में रविवार को मनाया।साथ ही बताया की क्लब के सदस्यों के द्वारा सेवा करना एवम हमारा लक्ष्य पेड़ लगाओ हरियाली लाओ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धामनोद एसडी ओपी मोनिका सिंह,विशेष अतिथि लायन क्लब प्रेसिडेंट लायन राजेश पारिख , और झोन चेयर पर्सन लायन विजय पाटीदार की उपस्थिति में मनाया शपथ अधिकारी लायन डॉ मनोज नाहर द्वारा वर्ष 2024- 25 के लिए अध्यक्ष लियो अशोक राठौड़ सचिव लियो संजय जैन कोषाध्यक्ष लियो दीपेश राठौड़, उपाध्यक्ष लियो नीरज धनोते, अमित गुप्ता व अन्य सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई, इस वर्ष क्लब द्वारा 08 नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई इस अवसर पर क्लब सदस्यों द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर किया गया, सचिव रिपोर्ट क्लब के सचिव लियो हेमंत राठौड़ द्वारा दी गई और कोषाध्यक्ष रिपोर्ट लियो दिपेश राठौड़ द्वारा दी गई,उक्त कार्यक्रम का संचालन लियो नीरज जैन व यश जैन द्वारा किया गया अंत में आभार लियो हेमंत राठौड़ ने माना




# भारतीय किसान संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

धार। भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को सरदारपुर में एसडीएम कार्यालय पर तहसीलदार मुकेश बामनिया को ज्ञापन सौंपा।

किसान संघ ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि खरमोर अभ्यारण के कारण क्षेत्र के 14 गांव की भूमि की रजिस्ट्री व खरीदी-बिक्री सन 1993 से बंद की गई है। रजिस्ट्री चालू करने का कई बार आग्रह किया जा चुका है। लेकिन आज तक कोई हल नहीं निकला। क्षेत्र में घोड़ा रोज व जंगली सुवर द्वारा किसानों की रबी व खरीफ दोनों फसलों को नष्ट किया जा रहा है। जिसका मुआवजा दिया जाए। किसानों के खेतों में तार-पोल आदि झुकाव के कारण रबी सीजन मे किसानों की गेंहू की फसल लाइट फॉल्ट होने से जल जाने से नष्ट हो जाती है। गेंहू फसल जलने की नुकसानी की धन राशी मध्यप्रदेश पश्चिम विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा किसानों को दिलाई जाए। ज्ञापन का वाचन भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पाटीदार ने किया।



# बढ़े हुए कर, भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का निगम मुख्यालय पर जंगी प्रदर्शन









**इंदौर। बड़े हुए संपत्ति कर ,कचरा संकरण शुल्क ,जलकर को वापस लेने और नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को लेकर आज कांग्रेस ने नगर निगम मुख्यालय पर जंगी प्रदर्शन किया इस जंगी प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन सम्मिलित हुए ।इस आंदोलन में भाग लेने के लिए कांग्रेस जन इंदौर ही नहीं महू देपालपुर सांवेर शाहिद ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न ब्लॉकों से आए हुए थे।**

प्रदर्शन में खास तौर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी राजस्थान के सांसद श्री वोरा पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा कांग्रेस के सभी विधानसभा के प्रत्याशी के अलावा और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। कांग्रेस के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम मुख्यालय के सभी दरवाजों पर ताले लगा दिए गए थे भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था कांग्रेस ने भी बारिश को ध्यान में रखते हुए नगर निगम मुख्यालय के ही एक छोर पर लंबा सेट नुमा डोम बनवा रखा था और इसमें हजारों की संख्या में महिलाएं बैठी हुई थी कांग्रेस ने आंदोलन के दौरान अपने लोगों को कोई दिक्कत ना आए इस बात को ध्यान में रखते हुए चाय पानी का भी प्रबंध किया था। इस दौरान हुई सभा को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा जिले के प्रभारी रवि जोशी सांसद श्री वोरा अरुण यादव सदाशिव यादव चिंटू चौक से सुरजीत सिंह चड्ढा सहित कई कांग्रेस ने संबोधित किया।


प्रदर्शन से पहले सांवेर के उल्टे हनुमान मंदिर पहुंचे पटवारी

# खतरनाक मकान को लेकर कलेक्टर ने बुलाई बैठक..!!

**इन्दौर। शहर के कई इलाकों में जीर्ण शीर्ण खतरनाक मकानों के मामले को लेकर आज सिटी बस आफिस में कलेक्टर आशीष सिंह ने बैठक बुलाई है, जिसमें खतरनाक मकानों पर कार्रवाई को लेकर चर्चा होगी। पिछले साल निगम ने 225 से ज्यादा खतरनाक मकानों को चिन्हित किया था। इनमें करीब 80 से ज्यादा अत्यधिक जर्जर मकान थे।**

इस बार भी झोनलों से मिली रिपोर्ट में पौने दो सौ से ज्यादा खतरनाक मकान चिन्हित किए गए हैं, लेकिन अब तक निगम ने खतरनाक मकानों पर कार्रवाई का अभियान शुरू नहीं किया है। प्रदेशों के कई शहरों में खतरनाक मकानों की दीवारें और हिस्से ढहने से स्कूली बच्चों से लेकर कई लोगों की मौत हुई है। इसी के चलते आज दोपहर में सिटी बस कार्यालय में कलेक्टर आशीष सिंह ने नगर निगम के सभी बीओ, बीआई, जनकार्य विभाग के अफसरों के साथ-साथ कई आला अधिकारियों को भी बैठक में बुलाया है, जिसमें शहरभर के खतरनाक मकानों पर कार्रवाई को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। कई जगह मकानों के विवाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित होने के चलते निगम का अमला वहां कार्रवाई से बचता है और इसी के चलते खतरनाक मकानों पर कार्रवाई नहीं हो पाती। आज होने वाली बैठक में कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

## पुलिस चेकिंग के दौरान विवाद

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में कल रात पुलिस चेकिंग के दौरान कार सवार दो लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ विवाद किया। पुलिस लसूड़िया ने कल रात प्रधान आरक्षक परसराम की रिपोर्ट पर कार सवार रोहित बजाज और राहुल नामक दो युवकों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि कल रात पुलिस टीमें देवास नाका पर बैरिकेड लगाकर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान कार सवार बैरिकेड तोड़कर जाने लगे। टीम ने रोका तो उन्होंने पुलिसकर्मियों को गालियां बकी और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कार भी जब्त कर ली। बताते हैं कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और पुलिसकर्मियों को नेता के नाम पर धमका रहे थे।

## मारपीट

इन्दौर। गौरी नगर जैन मंदिर के पास रहने वाले धर्मेन्द्र यादव ने पुलिस को बताया कि सब्जी मंडी स्थित मंदिर के पास से जब वह अपने गंतव्य की ओर जा रहा था, तभी बाइक पर तेज रफ्तार बाइक सवार उसे कट मारते हुए निकले, जिस पर उसने उन्हें गाड़ी देखकर चलाने के लिए कहा तो आरोपियो ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी चंदू यादव ने अपने साथी के साथ मिलकर धर्मेन्द्र के सिर और मुंह पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

# २ दिन में शहर तर-बतर लेकिन उमस बरकरार

**इंदौर। ऐसा लगता है इस बार जल देवता इंदौर से रूठे हुए हैं यही कारण है कि एक और जहां पूरे अंचल में झमाझम बारिश हो रही है तो इंदौर में अब तक ऐसी कोई बारिश नहीं हुई है जिससे की नदी नाले पूर चले जाएं और तालाब भी भर जाए। रविवार को भी दिन में बारिश से झमाझम हुई थी लेकिन अपेक्षाकृत पानी नहीं गिरा सोमवार को भी लगभग यही क्रम दोहराया गया। यही कारण है कि पर्याप्त वर्षा नहीं होने से धरती की आब भी नहीं बुझ रही है और उमस भी खत्म नहीं हो रही है। पिछले लगभग 1 महीने से रुक-रुक कर इंदौर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी गिरने का सिलसिला जारी है लेकिन देखा जाए तो झड़ी दार पानी अब तक सिर्फ दो बार ही आया है।**



सब लोगों को यह आस थी कि इस प्रकार का पानी तीन-चार दिन गिर जाएगा तो इंदौर की जल की प्राप्तता को लेकर निश्चिंतता हो जाएगी लेकिन यह निश्चिंतिता अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। अब तक इंदौर में औसत पानी ही गिरा है और यही कारण है कि इंदौर के तमाम तालाब अभी पूरी तरह से भर नहीं है। इधर देखा जाए तो अंचल में झमाझम बारिश का दौर जारी है और वहां औसत से ज्यादा बारिश हो गई है भोपाल में तो बड़ा तालाब भर गया है और वहां झमाझम बारिश का दौर जारी है तो दूसरी तरफ सागर, शिवपुरी में भी तमाम नदी नाले पूर आ गए हैं। रविवार को इंदौर में अच्छी खासी बारिश हुई थी लेकिन यह क्रम सोमवार को एक तरह से अधूरा रह गया।पानी सोमवार को भी गिरा लेकिन जैसा रविवार को गिरा था वैसा नहीं गिरा ।इधर पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण उमस अभी बरकरार है तथा पंखे कूलर एसी अभी भी लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। बीच में जरूर रात में वातावरण में थोड़ी ठंडक घुली थी लेकिन अब वह भी नदारद हो गई है।

लाभ गंगा एसोसिएट



सभी प्रकार की प्रॉपर्टी खरीदी बेचीं रेशो डील एक्सचेंज की जाती है।

मोबाइल नंबर :- 9300085794,9993383838,9617814000

# फाल्ट और डिस्कनेक्टिविटी के चलते हैं बिजली विभाग की सेवाएं कसौटी पर

**इंदौर। इन दिनों एक और जहां नगर निगम की सेवाएं जल निकासी के मामले में कसौटी पर है तो उधर रिमझिम झमाझम बारिश के बीच फॉल्ट और डिस्कनेक्टिविटी के चलते बिजली विभाग की सेवाएं भी कसौटी पर है। इन दिनों दो विभाग के कर्मचारी अधिकारी सबसे ज्यादा हैरान परेशान है ।लगातार फोन घनघनाते रहते हैं तो कॉल सेंटर से भी शिकायतों को ट्रांसफर कर दिया जाता है।**



सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इधर नगर निगम कंट्रोल रूम पर जल निकासी को लेकर सबसे ज्यादा शिकायत आ रही है। वैसे देखा जाए तो इस बार पानी की निकासी को लेकर जैसा काम होना चाहिए था वैसा काम हुआ नहीं है ।पिछली बारिश की बात करें तो नगर निगम इंदौर शहर में ही लगभग 400 स्थान पर जल जमाव जैसे हालात पैदा हुए थे इस बार भी लगभग वैसे ही स्थित है क्योंकि नगर निगम के तमाम कर्मचारी अधिकारी दूसरे अन्य प्रोजेक्ट में भी उलझे हुए हैं इसलिए इस दिशा में कोई ठोस कारगर काम नहीं हुआ है और जल जमाव के चलते हैं मच्छरों ने भी लोगों की परेशानियां बढ़ा रखी है ।नींद उड़ा रखी है तो दूसरी तरफ विद्युत आपूर्ति का मामले में भी लगभग ऐसी ही स्थित है लूज वायर, डिस्कनेक्टिविटी और फाल्ट के चलते कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित हो रही है और यह क्रम लगातार बना हुआ है लोग कभी झोनल कार्यालय कभी कॉल सेंटर पर फोन करते हैं और उन्हें वस्तु स्थिति की जानकारी देते हैं उसके बाद बिजली विभाग का अमला वहां आता है और हालात को सुधारने की दिशा में काम शुरू कर देता है कुछ जगह उसे जल्द ही अपेक्षित सफलताएं मिल जाती है तो कुछ जगह बिजली विभाग के अमले को काफी अच्छी मशक्कत करनी पड़ती है एक तो उनके पास वैसे ही संसाधन का अभाव है। इसके अलावा अमले की कमी के कारण भी अधिकांश शिकायतें समय पर निपटा नहीं पा रही हैं।

## रिक्शा चालक के साथी द्वारा लूट का प्रयास

**इन्दौर।** तय राशि से अधिक रुपयों की मांग कर रिक्शा चालक ने सवारी के साथ मारपीट करते हुए उस पर नुकीली वस्तु से हमला कर उसे जान से मारने की धमकी दी है। बालदा कालोनी में रहने वाले दुर्गेश धेपते ने पुलिस को बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में रिक्शा से सफर करने का दाम करीब 150 रुपए तय हुआ और वह रिक्शा के अन्दर बैठ गया, जहां रिक्शा चालक का एक अन्य साथी भी बैठा हुआ था। रिक्शा कुछ ही दूर चला कि रिक्शा चालक के साथी ने उसकी जेब में हाथ डाल दिया। इस पर उसने जेब में हाथ डालने का कारण पूछा तो आरोपी ने यह कहते हुए उससे डेढ़ सौ रुपयों से ज्यादा रुपए मांगे कि तू हमें तेरे पास जितने भी रुपए है, वह हमें दे। विरोध करते ही आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने किसी नुकीली वस्तु से दुर्गेश धेपते पर वार कर उसे घायल कर दिया

# नगर निगम के खाली खजाने में आए 46 लाख

**इंदौर ।कल से लागू हुई वन टाइम सेटलमेंट योजना के पहले ही दिन 585 करदाताओं ने 19 झोनल कार्यालयों में 46 लाख रुपए की राशि जमा की। निगम द्वारा शहर के हर वार्ड में इसके लिए शिविर लगाए जा रहे हैं और आने वाले दिनों में यह राशि का आंकड़ा और बढ़ेगा।**



जल कर के छोटे-बड़े बकायादारों के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना निगम द्वारा लागू की गई है। इसके तहत बकाया जल कर पर 50 प्रतिशत की राशि ही जमा करना पड़ रही है और शेष बकाया राशि सीज की जा रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुताबिक इसके लिए बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार निगम द्वारा किया जा रहा है, ताकि योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा जल करदाता ले सके। कल योजना के पहले दिन अलग-अलग झोनलों द्वारा वार्डों में शिविर लगाए गए और इनमें बस्तियों से लेकर कालोनियों तक लोगों ने पहुंचकर योजनी जानकारी ली और 585 लोगो ने इस योजना में राशि जमा की। राजस्व विभाग के अधिकारियों के मुताबिक कल पहले ही दिन 46 लाख रुपए की राशि खजाने में आई है और आने वाले दिनों में यह आंकड़ा चार से पांच गुना बढ़ने की उम्मीद है। सभी राजस्व अधिकारियो को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे जल कर के बड़े बकायादारों की सूची निकालकर उन्हें सूचना भेजे, ताकि वे इस योजना का लाभ लेकर राशि जमा कर सके।

लोन



20 हजार से 5 लाख तक का सम्पूर्ण इंदौर शहर में व्यपारियो को

कम कागजी कार्रवाई में तुरंत

93000 85794, 99933 83838, 96178 14000

# बस चालक ने बाइक चालक को कुचला, मौत

**आज सुबह राजेद्र नगर क्षेत्र में एक बाइक सवार को ट्र बूस ने कुचल दिया। हादसा कैसे हुआ इसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। बस में सवारियां थीं। राजेंद्र नगर पुलिस ने बताया कि कैलाश पिता धरमसिंह जादौन निवासी छोटा श्रीराम नगर के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ। बताया जा रहा है कि वह मिस्त्री का काम करता था। आज सुबह वह बाइक से घर से निकला और दिग्विजय नगर पानी की टंकी के पास एक शराब दुकान में शराब लेने के लिए गया।** बताया जा रहा है कि यहां रोड पार करने के दौरान क्रास है, वह क्रास से



रोड पार कर रहा था और उसे बस ने चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कैलाश की दो बेटियां हैं। जिस शराब की दुकान में वह शराब लेने के लिए गया था, वह सरकारी दुकान है। उसका खुलने का समय सुबह से नहीं होता है, लेकिन शराब के ब्लैकमेलर शराब दुकान के बाहर सुबह-सुबह - ही अवैध शराब बेचने लग जाते हैं। मजूदर वर्ग के लोग सुबह-सुबह ही यहां शराब पीने के लिए पहुंच जाते हैं।

## बालकनी से गिरने पर बालक की मौत

इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र के रामकृष्णबाग में बालकनी से गिरने से तीन साल के अक्षत पिता रामसागर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 3 तारीख के दिन अक्षत अपने भाइयों के साथ बालकनी में था। बड़े भाई को बाथरूम आई तो मां उसे अंदर बाथरूम कराने ले गई। इस दौरान अक्षत वहीं रह गया और वह बालकनी पर चढ़कर झांकने लगा और गिर गया, उसे गंभीर चोटें आई थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा हैकि उक्त परिवार शहर के बाहर का रहने वाला है। शव को पोस्टमार्टम के बाद पेतृक निवास पर ले जाया गया।



## बच्चों के झगड़े में बड़ों में सिर फुटव्वल

इन्दौर। लसूड़िया पुलिस ने बच्चों के विवाद में युवक का सिर फोड़ने वाले आरोपियों पर अपराध दर्ज किया है। शिव नगर बस्ती में रहने वाले जितेन्द्र भील ने पुलिस को बताया कि कालोनी में रहने वाले पिंटू से उसने कहा कि बच्चों के विवाद में तुमने मेरे बच्चे के साथ मारपीट क्यों की। इस बात पर आरोपी पिंटू और उसके साथी राहुल शर्मा ने गाली-गलौज देते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी पिंटू ने क्रिकेट बेट से जितेन्द्र का सिर फोड़ डाला। इसी मामले में दीपक सिसोदिया ने जितेन्द्र और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट और धमकाने का मामला दर्ज किया है।

AICS कोल्ड स्टोरेज




आलू, गाजर, चुकुंदर, महुआ, चना, इमली, गुड, सभी प्रकार के मटेरियल कोल्ड स्टोरेज पर रखे जाते है।

राऊ, पीथमपुर रोड, विलेज सोनवय तहसीलमहू इंदौर (फ़ोन न0731 4020210)

# नाले में पानी पहुंचने से पहले ही टूटी नाली



शुजालपु। नगर के मंडी स्थित वार्ड नंबर 14 जगन्नाथपुरी कॉलोनी में जलभराव की समस्या के निदान के लिए नगर पालिका द्वारा नाले का निर्माण किया गया था, ताकि घरों का गंदा पानी सड़कों पर ना बहे और नालियों के माध्यम से कॉलोनी का पानी बाहर बने नाले में आकर मिल जाए, लेकिन घटिया निर्माण के चलते नाला थोड़े दिन भी नहीं टिक सका और इसकी बाउंड्री टूट गई। अब इससे पानी की निकासी में परेशानी आ रही है। इसके चलते कॉलोनी में रहने वाले बृजेश सक्सेना द्वारा पूर्व में एक ज्ञापन नगर पालिका सीएमओ पवन अवस्थी को दिया गया था। वहीं एक बार फिर लोगों ने क्षतिग्रस्त नाले को ठीक करने की मांग उठाई है।

# शाजापुर एसडीएम ने दो पटवारियों को सस्पेंड किया

**शाजापुर। शाजापुर एसडीएम ने विगत दिनों कलेक्टर के निर्देश पर दो पटवारियों को काम में लापरवाही बरतने पर मंगलवार को निलंबित कर दिया। ग्राम बर्डियासोन के पटवारी अनोखीलाल कुंडला और ग्राम गोयला और सुल्तानपुर के पटवारी श्याम सिंह भदौरिया को एसडीएम मनीषा वास्कले निलंबित किया है। दोनों को निलंबन की अवधि में उपतहसील मुख्यालय बेरछा में अटैच किया गया है।**




कलेक्टर ऋजु बाफना ने विगत दिनों शाजापुर और शुजालपुर अनुभाग के पटवारियों की बैठक ली थी। बैठक में तहसीलदारों को निर्देश दिए थे। वे पटवारियों द्वारा प्रतिदिन कितना काम किया जा रहा है। इसकी समीक्षा करें। लक्ष्य अनुरूप काम नहीं करने वाले पटवारियों पर कार्रवाई करें। राजस्व महाभियान के अंतर्गत अविवादित नामांतरण का कार्य एक माह में पूरा होना चाहिए। इसी तरह नामांतरण एवं बंटवारे के साथ ही नक्शा तरमीम का कार्य भी तत्काल पूरा कराएं।

संपदा पोर्टल से प्राप्त होने वाली रजिस्ट्रियों में नामांतरण के लिए दस्तावेजों की प्रतीक्षा किए बिना कार्रवाई शुरू करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि भूमि के खसरे को आधार एवं समग्र आईडी से जोड़ने के लिए ई-केवायसी पूरी कराएं। पटवारी ग्राम पंचायत सचिव से मृत्यु रजिस्टर लेकर फौती नामांतरण की कार्रवाई पूरी करें। साथ ही कलेक्टर ने कहा कि चरनौई की भूमि से अतिक्रमण हटवाएं। तहसीलदार इस कार्य को स्वयं देखें। साथ ही ग्रामों के रास्ता विवाद एवं सीमांकन के प्रकरणों को भी निराकृत करें। कलेक्टर ने शून्य प्रगति वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर दोनों पटवारियों को एसडीएम ने निलंबित किया है। दोनों पटवारियों ने नक्शा सुधार में कोई कार्य नहीं किया। कार्य शून्य होने पर दोनों को निलंबित किया गया।

## कॉलेज में एनएसएस काउंटर का शुभारंभ

# 5 से 14 तक स्टूडेंट्स के रजिस्ट्रेशन होंगे




**शाजापुर। शाजापुर में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दुष्यंत कुमार यादव द्वारा एनएसएस पंजीयन काउंटर का शुभारंभ किया गया। यहां नवप्रवेशित विद्यार्थियों को एनएसएस की जानकारी देकर उनका व्यक्तित्व विकास किया जाएगा।**

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दुष्यंत कुमार यादव ने बताया कि महाविद्यालय में विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन परिक्षेत्र की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संचालित है। जिसमें प्रवेश पंजीयन की प्रक्रिया 5 से 14 अगस्त 2024 तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि एनएसएस पंजीयन काउंटर का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेशित नवीन विद्यार्थियो को एनएसएस की जानकारी प्रदान करना तथा शिक्षा के साथ समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सहायता के लिए एनएसएस पंजीयन काउंटर प्रभारी हर्षिता पाटीदार तथा इकाई दलनायक रवि कुमार को नियुक्त किया गया है जो अपनी एनएसएस टीम के साथ मिलकर नवीन विद्यार्थियों का एनएसएस में पंजीयन करेंगे। इस अवसर पर रीना पंवार, शिवम परिहार, अंकित कुंभकार, प्रेरणा कुशवाह, भवानी सिंह, रोहित कराड़ा, एनएसएस मीडिया प्रभारी पवन पूरी आदि उपस्थित रहे।

# गांजा तस्कर को 2 साल जेल




शाजापुर। शाजापुर में विशेष सत्र न्यायाधीश ने एक गांजा तस्कर को दो साल सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। आरोपी को शुजालपुर पुलिस ने 1350 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लोक अभियोजक महेन्द्र सिंह परमार ने बताया कि 24 अगस्त 2019 को शुजालपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बेचने के लिए उगली जोड़ पचोर रोड पर खड़ा है। इस पर पुलिस को आरोपी दीपक पिता हजारीलाल लववंशी आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस ने फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा था। जिसके पास से सफेद प्लास्टिक के झोले की तलाशी लेने पर उसमें से मादक पदार्थ गांजा 1350 ग्राम वजन का मिला था। पुलिस ने गांजा को जब्त कर आरोपी दीपक लववंशी को मौके पर गिरफ्तार किया था। आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना शुजालपुर में धारा 08/20 एनडीपीए एक्ट का अपराध दर्ज किया गया। जांच के बाद चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी के विरूद्ध विचारण के दौरान आई साक्ष्य तथा प्रमाणों के आधार पर न्यायालय द्वारा अभियोजन के इस तर्क से सहमत होते हुए कि आरोपी से बरामद मादक पदार्थ को समय रहते पकड़ा नहीं जाता तो इससे समाज एवं विशेषकर युवाओं पर घातक विपरीत प्रभाव पड़ते। जिसकी उन्हें लत लग जाती। कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाते हुए 2 साल के लिए जेल भेज दिया। वहीं, 10 हजार रूपए का जुमार्ना भी लगाया।

# अगस्त की शुरूआत शिव पर्व के साथ..!!

*अगस्त के शुरूआती दो दिन शिव पूजा के लिए खास रहेंगे। इनमें पहली तारीख को प्रदोष यानी तेरहवीं तिथि रहेगी। इसके अगले दिन चतुर्दशी यानी सावन की शिवरात्रि होगी। शिव पुराण के मुताबिक ये दोनों तिथियां शिव पूजन के लिए बेहद खास मानी जाती हैं।*

*इन तिथियों में जल और दूध से शिवलिंग की पूजा-अभिषेक करने से बीमारियां दूर होती हैं और उम्र भी बढ़ती है। हर तरह की परेशानियों से भी छुटकारा मिलता है। इन दिनों में शिव पूजन करने से महापूजा करने जितना पुण्य मिलता है।*

*सावन में शिव पूजा के 2 खास दिन*
*प्रदोष तिथि यानी 1 अगस्त को व्रत रखें। इस दिन सूर्योदय के वक्त शिवलिंग पर जल चढ़ाना चाहिए। साथ ही शाम को सूर्यास्त के वक्त शिवजी की विशेष पूजा करनी चाहिए। इस दिन सुबह-शाम शिवलिंग पर बिल्व पत्र और सफेद फूलों की माला चढ़ाएं। साथ ही घी का दीपक लगाएं। मिट्टी के मटके में दूध और पानी भरकर शिव मंदिर में दान करें।*

*सावन शिवरात्रि यानी शिव चतुर्दशी 2 अगस्त को है। इस दिन भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करनी चाहिए। इस दिन मां पार्वती को सौभाग्य सामग्री यानी 16 श्रंगार चढ़ाए जाते हैं। जिससे परिवार में सुख और समृद्धि बढ़ती है और मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। इस पर्व पर रात के चारों प्रहर में पूजा करने की परंपरा भी है। यानी सूर्यास्त के बाद हर 3 घंटे में शिव-पार्वती पूजा करने से मनोकामना पूरी होती है।*

*जल और दूध चढ़ाने से दूर होती है परेशानियां*
*सावन महीने में शिवलिंग पर पानी का कलश या घड़ा स्थापित किया जाता है। माना जाता है कि जैसे घड़े से पानी की बूंद-बूंद शिवलिंग पर गिरती है, उसी तरह परेशानियां भी पानी की तरह बहकर दूर हो जाती है। साथ ही इस महीने में शिवलिंग पर दूध चढ़ाने की परंपरा भी है। ऐसा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं, इसलिए इन दो दिनों में शिवलिंग पर जल चढ़ाना चाहिए।*

*मिलता है शिव महापूजा का फल*
*सावन महीने में प्रदोष और शिव चतुर्दशी पर सुबह जल्दी उठकर नहाने के बाद भगवान भोलेनाथ का जल और दूध से अभिषेक करने की परंपरा है। साथ ही फलों के रस से भी अभिषेक करना चाहिए।*

*शिव पुराण में बताया गया है कि फलों के रस से शिवजी का अभिषेक करने से हर तरह की शारीरिक और मानसिक परेशानियां दूर होती हैं। इसके बाद शिवलिंग पर मदार, धतूरा और बेलपत्र चढ़ाना चाहिए। साथ ही शिवजी को मौसमी फलों का भोग लगाएं और इन दो दिनों तक व्रत रखें। इससे शिव महापूजा का फल मिलता है।*



## खबर - भोजपुर

# सिपाही भर्ती परीक्षा आज...38 जिलों में बनाए गए 545 सेंटर

पटना। केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से पेपर लीक के बाद फिर से बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत आज से हो रही है। परीक्षा 7 अगस्त से 28 अगस्त के बीच होगी। जिसके लिए सभी 38 जिलों में 545 सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा 7, 11, 18,21, 25 और 28 अगस्त को होगी। एक ही शिफ्ट में दोपहर 12:00 से लेकर 2:00 तक परीक्षा ली जाएगी। 21,391 खाली पदों पर योग्य उम्मीदवारों की भर्तियां की जाएगी। इसके लिए लगभग 17 लाख 87 हजार 720 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। चयन पर्षद की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन एग्जाम सेंटर पर सभी अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से करना होगा। स्थानीय पुलिस की ओर से कोंचिंग सेंटर, हॉस्टल, लॉज आदि की निगरानी पहले से ही की जा रही है।

1. एंट्री एग्जाम शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले बंद कर दी जाएगी- परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 9:30 बजे से शुरू हो जाएगा। 10:30 बजे प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में ढाई घंटे पहले रिपोर्ट करना होगा और हर हाल में 10.30 बजे तक सेंटर पर एंट्री ले लेनी है।



2. पहचान पत्र के साथ मिलेगी प्रवेश- एडमिट कार्ड और फोटो आईड लाना होगा। अभ्यर्थियों को ई-एडमिट कार्ड और फोटो पहचान पत्र के साथ ही प्रवेश की अनुमति होगी।
3. पेन और पेंसिल लानी की मनाही - पेन और पेंसिल लेकर सेंटर पर नहीं आना है। एग्जाम सेंटर पर ही अभ्यर्थियों को पेन और पेंसिल दिया जाएगा।
4. बायोमेट्रिक मशीन से पहचान- बायोमेट्रिक मशीन से जांच किया जाएगा। परीक्षार्थियों के दोनों हाथों के अंगूठे का निशान भी बायोमेट्रिक मशीन से लिया जाएगा। शारीरिक जांच के दौरान फिर से अभ्यर्थियों के अंगूठे का मिलान किया जाएगा।
5. वीडियोग्राफी भी की जाएगी- परीक्षा कक्ष में दोनों हाथों के अंगूठे का निशान, फोटो और शॉर्ट वीडियो बनाया जाएगा। जिसका उपयोग चयन के अगले चरणों में पहचान करने के लिए किया जाएगा। इसका उद्देश्य फजीर्वाड़े को रोकना है।

## तीन परीक्षा माफिया गिरफ्तार

सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर ईओयू अलर्ट मोड में हैं। राज्य के सभी जिलों में 3 दिनों तक स्पेशल ड्राइव चलाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक कराने वाले गिरोह के घर पर छापेमारी की गई। सोमवार देर रात ईओयू की टीम ने फरार चल रहे 3 परीक्षा माफिया को बिहार से गिरफ्तार किया है। ईओयू के डीआईजी डॉक्टर मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए सोशल मीडिया पेट्रोलिंग टीम का गठन किया गया है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कैबिनेट के फैसले; स्वास्थ्य, रोजगार और उद्योग पर फोकस-4315 पदों पर भर्ती होगी

पटना। पीएमसीएच राज्य ही नहीं देश का सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल होगा। यहां 5462 (अभी 1750) बेड होंगे। यहां सुविधाएं भी राष्ट्रीय मानकों के समतुल्य होंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इस अस्पताल को चलाने के लिए 4315 नए पदों के सृजन की मंजूरी दी गई। पीएमसीएच को 3 चरणों में काम हो रहा है। पहला चरण पूरा हो गया है। दूसरे चरण का काम तेजी से चल रहा है। कैबिनेट की बैठक में कुल 36 एजेंडों पर मुहर लगी।

कैबिनेट ने थैलेसीमिया पीड़ित 12 वर्ष तक के बच्चों का मुफ्त बोनमैरो ट्रांसप्लांट कराने का फैसला किया है। इसके लिए सरकार 15 लाख रुपए सहायता देगी। बोन मैरा ट्रांसप्लांट क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लोर, तमिलनाडु में होगा। इससे बच्चों को बार-बार खून चढ़ाने की परेशानी से निजात मिल जाएगी।

पाटलिपुत्र खेल परिसर कंकड़बाग के बगल की 1.6 एकड़ जमीन भी खेल विभाग को पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर कंकड़बाग के उत्तर में स्थित 1.6 एकड़ बेकार पड़ी जमीन में भी खेल से संबंधित आधारभूत संरचना विकसित होगी। कैबिनेट ने उस 1.6 एकड़ भूखण्ड को बिहार राज्य आवास बोर्ड से लेकर खेल विभाग को हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी है। इस हस्तांतरण पर 48.00 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। राज्य में लोकल लोगों को रोजगार और लोकल उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिये लोकल उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देने वाली बिहार खरीद अधिमानता नीति 2024 को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी।




## सरकारी कर्मी के आश्रितों को भी मेडिकल रिम्बर्समेंट

सरकारी कर्मी के नाबालिग भाई, अविवाहित बहन, तालाकशुदा बहन, दिव्यांग पुत्र को भी मेडिकल रिम्बर्समेंट मिलेगा। इसमें प्रति महीने 9000 से कम आय वाले पुत्र-पुत्री भी आश्रित ही माने जाएंगे। वहीं एक अन्य फैसले के तहत बिहार न्यायिक सेवा के सेवारत/सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारी, न्यायिक पदाधिकारी के पति/पत्नी, उनके परिवार के सदस्यों तथा पारिवारिक पेंशनरों को प्रदत्त चिकित्सा सुविधा एवं मेडिकल रिम्बर्समेंट की भी मंजूरी दी गई है।

# पेरिस ओलंपिक : हरियाणा की विनेश फाइनल में पदक पक्का

▶▶|पहले मैच में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जापान की सुसाकी को 3-2 से पटका था

▶▶|दूसरे मैच में यूक्रेन की ओकसाना लिवाच को 7-5 से दी मात

▶▶| ओलंपिक कुश्ती के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनी

▶▶|आज रात दस बजे गोल्ड के लिए दांव लगाएंगी विनेश फोगाट

भाषा ▶▶|पेरिस



भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट 50 किग्रा वेट कैटेगरी के फाइनल में पहुंच गई हैं। ओलिंपिक के इतिहास में पहली बार भारत की महिला पहलवान फाइनल में पहुंची है। अब वे कल यानी बुधवार को रात 10 बजे के बाद गोल्ड के लिए दांव लगाएंगी। सेमीफाइनल में विनेश फोगाट ने क्यूबा की पहलवान गुजमान लोपेजी को 5-0 हराया। विनेश ओलंपिक महिला 50 किग्रा कुश्ती के सेमीफाइनल मैच में क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज को 5-0 हराकर पदक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनी।

उन्होंने इससे पहले ओलंपिक खेलों में बड़ा उलटफेर करते हुए अब तक अपराजेय मौजूदा चैम्पियन युई सुसाकी को शिकस्त देने के बाद यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। अंतिम चार मैच में लोपेज ने शुरुआती पीरियड में विनेश के पैर पर पकड़ बनाने की कोशिश की, लेकिन उनके अतिरक्षात्मक खेल के कारण भारतीय पहलवान को एक अंक की बढ़त बनाने की मौका मिल गया। शुरुआती पीरियड में बढ़त बनाने के बाद विनेश ने दूसरे पीरियड में आक्रामक शुरुआत की और प्रतिद्वंद्वी पहलवान के दायें पैर पर मजबूत पकड़ के साथ 5-0 की बढ़त बना ली। क्यूबा की पहलवान ने इसके बाद विनेश पर पकड़ बनाने की कोशिश की लेकिन विनेश के शानदार रक्षण के आगे उनका प्रयास विफल हो गया। पुरुष वर्ग में सुशील कुमार और रवि दाहिया को ओलंपिक फाइनल खेलना का अनुभव है लेकिन ये दोनों रजत पदक ही जीत पाये थे, ऐसे में विनेश के पास कुश्ती में देश का पहला स्वर्ण पदक विजेता बनने का मौका होगा। इस स्पर्धा का फाइनल बुधवार को खेला जायेगा।

### सुसाकी को हरा किया उलटफेर

*शुरुआती दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान की युई सुसाकी को 3-2 से हराकर बड़ा उलटफेर करने वाली विनेश ने आठवीं वरीयता प्राप्त पहलवान को 7-5 से शिकस्त दी। ओसाना के खिलाफ पहले पीरियड में 2-0 की बढ़त बनाने के बाद विनेश ने दूसरे पीरियड की शुरुआत में अपनी बढ़त 4-0 की कर ली। ओसाना ने भी अंक हासिल कर मैच में वापसी करने की कोशिश की और उन्होंने विनेश की बढ़त को दो अंकों (5-3) तक सीमित कर दिया। विनेश पर इस समय थकान हावी हो रही थी और उन्होंने अपने कोच से पिछले अंक के खिलाफ चैलेंज लेने के लिए कहा। रेफरी ने वीडियो देखने के बाद इसे खारिज कर दिया और विनेश को एक और अंक का खामियाजा भुगतना पड़ा।*

## सेमीफाइनल में क्यूबा की गुजमान को 5-0 से हराया



### ग्रांपी में भी जीती

ओलंपिक से पहले उन्होंने स्पेनिश ग्रां प्री में भाग लिया था और उसमें जीत दर्ज की थी। इस स्पर्धा में हालांकि शीर्ष पहलवान नहीं थे, फिर भी इससे उन्हें मैट में समय बिताने का मौका मिला। निशा दहिया सोमवार को महिलाओं के 68 किग्रा में कंधे की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल में हार के बाद पहले ही प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं।

### विनेश भारत की शेरनी : बजरंग

टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने पेरिस ओलंपिक में पदक पक्का करने वाली पहलवान विनेश फोगाट को मंगलवार को 'भारत की शेरनी' करार दिया। बजरंग ने 'एक्स' पर लिखा, 'विनेश फोगाट भारत की वो शेरनी जिसने आज लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज की। मगर एक बात बताऊं, ये लड़की अपने देश में लातों से कुचली गई थी, ये लड़की अपने देश में सड़कों पर घसीटी गई थी। ये लड़की दुनिया जीतने वाली है मगर इस देश में 'सिस्टम' से हार गई थी।"

### भारत का 12वें दिन का कार्यक्रम

**एथलेटिक्स:** मिश्रित मैराथन पैदल चाल रिले (पदक चरण): प्रियंका गोस्वामी और सूरज पंवार - सुबह 11.00 बजे पुरुष ऊंची कूद (क्वालीफिकेशन): सर्वेश कुशारे - दोपहर 1.35 बजे

**महिला भाला फेंक (क्वालीफिकेशन):** अन्नू रानी - दोपहर 1.55 बजे

**महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ (पहला चरण):** ज्योति याराजी (हीट चार) - दोपहर 2.09 बजे

**पुरुषों की त्रिकूद (क्वालीफिकेशन):** प्रवीण चित्रवेल और अब्दुल्ला अबूबकर नारंगोलिंटेविडा - रात 10.45 बजे

**पुरुषों की 3,000 मीटर स्टीपलचेज:** अविनाश साबले - देर रात 1.13 बजे (बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात)

**गोल्फ:** महिला व्यक्तिगत : अदिति अशोक और दीक्षा डागर - दोपहर 12.30 बजे

**टेबल टेनिस:** महिला टीम (क्वार्टर फाइनल): भारत (श्रीजा अकुला, मनिका बत्रा और अर्चना गिरीश कामथ) बनाम जर्मनी - दोपहर 1.30 बजे

**कुश्ती:** महिला फ्रीस्टाइल 53 किग्रा (प्री-क्वार्टर फाइनल): अंतिम पंघाल बनाम येनेप येटगिल - दोपहर 3.05 बजे

**भारोत्तोलन:** महिला 49 किग्रा (पदक चरण): सैखोम मीराबाई चानू - रात 11.00 बजे।

## खबर संक्षेप

### आर्मंड डुप्लांटिस ने नौवीं बार पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड बनाया



**सैंट डेनिस (फ्रांस)।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपना करिश्माई प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में नौवीं बार रिकॉर्ड बनाकर पेरिस ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स में जब दिन की प्रतियोगिताएं समाप्त होने के कगार पर थी तब डुप्लांटिस ने स्टेड डी फ्रांस में 80,000 दर्शकों के सामने 6.025 मीटर की कूद लगाकर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। ओलंपिक खेलों में उन्होंने पहली बार यह कारनामा किया। लुइसियाना में जन्मे 24 वर्षीय डुप्लांटिस अपनी मां के मूल देश स्वीडन के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

### सत्ता पलट के बीच बांग्लादेश टीम के पाक दौरे पर संशय

**कराची।** बांग्लादेश की सीनियर पुरुष टीम की पाकिस्तान के खिलाफ 21 अगस्त से रावलपिंडी में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला पर संदेह के बादल छाए हैं क्योंकि बांग्लादेश में मौजूदा नागरिक अशांति के कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देने और देश छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा है। बांग्लादेश की सीनियर टीम को रावलपिंडी (21-25 अगस्त) और कराची (30 अगस्त-3 सितंबर) में दो टेस्ट खेलने हैं। मौजूदा परिदृश्य में राष्ट्रीय टीम के लिए यात्रा करना मुश्किल हो सकता है। यहां तक कि बांग्लादेश 'ए' टीम का पाकिस्तान दौरा भी संदिग्ध है।

### खुद जवाबदेही से बचने दूसरों को दोषी नहीं बना सकते



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के बैडमिंटन कांस्य पदक मुकाबले में लक्ष्य सेन की चौंकाने वाली हार के बाद खिलाड़ियों के प्रयासों की महान खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण द्वारा आलोचना ने बैडमिंटन बिरादरी को विभाजित कर दिया है। युगल खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने कहा कि उनकी टिप्पणियां 'खुद की जवाबदेही से बचने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ने जैसा है'। सेन सोमवार को शुरुआती गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में में 8-3 की बढ़त गंवाकर मलेशिया के लीजी जिया से 21-13, 16-21, 11-21 से हार गए और कांस्य पदक जीतने से चूक गए।

## किरण का ओलंपिक महिला 400 मीटर दौड़ में सफर खत्म




**पेरिस।** भारत की किरण पहल मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ के रेपेचेज चरण में अपनी हीट में छठे स्थान पर रहने के बाद फाइनल से बाहर हो गयी। सोमवार को अपना 24वां जन्मदिन बनाने वाली किरण ने अपनी हीट में 52.59 सेकेंड के समय के साथ छह खिलाड़ियों में आखिरी पायदान पर रही। वह कुल 26 खिलाड़ियों में 23वें स्थान पर रही। रेपेचेज दौर की चार हीट में प्रत्येक में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों के अलावा सर्वश्रेष्ठ समय निकालने वाली दो अन्य ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। किरण ने जून में राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 50.92 सेकंड का समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई किया था। वह ओलंपिक मे हालांकि इस प्रदर्शन को दोहराने में विफल रही। इससे पहले सोमवार को वह 52.51 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट में सातवें पायदान पर थी।

## श्रीलंका से 27 साल बाद श्रृंखला गंवाने से बचने भारत को स्पिनरों पर होना होगा हावी

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

- फिलहाल सीरीज में पिछड़ रही भारतीय टीम बराबरी करने लगाएगी जोर

भारतीय क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच तीसरा और आखिरी वनडे मैच 7 अगस्त को कोलंबो में खेला जाएगा। श्रीलंका ने दूसरे वनडे में 32 रन से जीत दर्ज की थी। ऐसे में मेजबान टीम के पास सीरीज को जीतने का शानदार मौका होगा। मगर इसके लिए भारतीय बल्लेबाजों को श्रीलंकाई स्पिनरों पर हावी होना पड़ेगा। दूसरी तरफ रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम सीरीज को बराबरी पर समाप्त करना चाहेगी। भारत को श्रीलंका के खिलाफ आखिरी बार वनडे श्रृंखला में हार का सामना 1997 में करना पड़ा था। अर्जुन रणतुंगा की अगुवाई वाली टीम ने तब सचिन तेंदुलकर की भारतीय टीम को तीनों मैच में हराया था। गौतम गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली वनडे श्रृंखला है और वह निश्चित तौर पर हार के साथ शुरुआत नहीं करना चाहेंगे। मैच 7 अगस्त को प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।



## भारतीय पुरुष टेटे टीम चीन से हारकर ओलंपिक से बाहर



**पेरिस।** भारतीय टीम मंगलवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय चीन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। भारत की टीम के पास चीन का कोई जवाब नहीं था जिसने मुकाबला 3-0 से जीता। भारत की ओर से सिर्फ अनुभवी अचंता शरत कमल ही एक गेम जीतने में सफल रहे। टीम ने बाकी दो मैच सीधे गेम में गंवाए। भारत की महिला टीम ने सोमवार को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले रोमानिया को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। भारत के लिए मुकाबले की शुरुआत हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की दुनिया की 42वें नंबर की जोड़ी ने की जिसे बेहद एकतरफा मुकाबले में मा लोंग और वैंग चुकिन की चीन की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (2-11, 3-11, 7-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

## मीराबाई चानू की नजर पेरिस में ऐतिहासिक पदक पर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतकर कर्णम मल्लेश्वरी से आगे निकलने वाली मीराबाई चानू पिछले कुछ समय में चोटों से जूझने के बावजूद बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों में पोडियम पर पहुंचकर दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली भारोत्तोलक बनने का प्रयास करेंगी। मीराबाई ने पिछले ओलंपिक खेलों के पहले दिन ही पदक जीतकर भारत का खाता खोला था और काफी सुर्खियां बटोरी थी लेकिन इसके बाद वह चोटों से परेशान रही जिसके कारण पेरिस ओलंपिक के लिए अच्छी तरह से तैयारी नहीं कर पाई।

### 49 किग्रा. भार वर्ग में पेश करेंगी चुनौती

मीराबाई अपने पसंदीदा 49 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करेगी और अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहती है तो फिर रजत या कांस्य पदक जीत सकती हैं। इस वजन वर्ग में चीन की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन होउ झिहुई फिर से स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार हैं। मीराबाई ने कूल्हे की चोट से उबरने के बाद वापसी की है लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर अब भी कयास लगाए जा रहे हैं।



### 200 किलो से अधिक वजन उठाना होगा

*राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा ने हालांकि दावा किया कि मणिपुर की रहने वाली यह खिलाड़ी पूरी तरह से फिट है। शर्मा ने पीटीआई से कहा, "हम जानते हैं कि मीराबाई को 200 किग्रा से अधिक वजन उठाना होगा। उनके लिए इस बार 202 किग्रा में कटौती नहीं की जाएगी लेकिन उन्हें 205-206 किग्रा तक जाना चाहिए। हम चुनौती के लिए तैयार हैं। गुरुवार को 30 साल की होने वाली मीराबाई की नजर जहां अपने प्रतिद्वंद्वियों के प्रदर्शन पर होगी वहीं उन्हें खुद को मिलने वाली चुनौती से भी पार पाना होगा।*

### टोक्यो ओलंपिक में रहा शानदार प्रदर्शन

*तोक्यो ओलंपिक के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रहा जहां उन्होंने 201 किग्रा (88 किग्रा और 113 किग्रा) उठाया। उन्होंने तोक्यो में 202 किग्रा (87 किग्रा और 115 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता था।*



### ताहिती में सर्फिंग सेमीफ़ाइनल के दौरान दिखी व्हेल

**ताहिती।** ताहिती में पेरिस ओलंपिक खेलों की सर्फिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन सोमवार दोपहर जब सभी की निगाहें समुद्र में अपना कौशल दिखा रहे खिलाड़ियों पर टिकी थी तभी वहां एक नया दर्शक पहुंच गया जो थी एक व्हेल। ब्राजील की तातियाना वेस्टन वेब और कोस्टा रिका की ब्रिसा हेनेसी जब सेमीफाइनल मैच में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे तभी वहां व्हेल पहुंच गई। वह हालांकि खिलाड़ियों से सुरक्षित दूरी पर थी और इसलिए प्रतियोगिता जारी रही। इस दौरान दर्शकों और फोटोग्राफरों की निगाहें खिलाड़ियों से हटकर व्हेल पर टिक गई और उन्होंने इस अद्भुत दृश्य को अपने कैमरों में कैद किया। दुनिया भर में सर्फिंग के दौरान पक्षियों, सील और यहां तक कि शार्क का दिखना आम बात है।

## स्पेन और फ्रांस के बीच होगा ओलंपिक फुटबॉल का फाइनल



**मार्सिले (फ्रांस)।** स्पेन ने पहले हाफ में पिछड़ने के बाद स्थानापन खिलाड़ी जुआनलू सांचेज के गोल की मदद से मोरक्को को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी और रिकॉर्ड पांचवीं बार ओलंपिक खेलों की पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन फाइनल में मेजबान फ्रांस से भिड़ेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में मिस्र को 3-1 से पराजित किया। मिस्र और मोरक्को के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला होगा। पिछले 32 वर्षों में यह पहला अवसर होगा जबकि यूरोप की कोई टीम स्वर्ण पदक जीतेगी। बार्सिलोना ओलंपिक 1992 में स्वर्ण पदक जीतने वाला स्पेन तीन साल पहले तोक्यो खेलों के फाइनल में ब्राजील से हार गया था।

### सांचेज ने ठोका विजयी गोल

सांचेज ने स्टेड डे मार्सिले में 85वें मिनट में गोल करके स्पेन को फाइनल में पहुंचाया। इससे पहले टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले सूफियाने रहीमी के 37वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने से मोरक्को मध्यांतर तक 1-0 से आगे था। फ़र्मिन लोपेज़ ने 65वें मिनट में स्पेन की तरफ से बराबरी का गोल किया।



### सीन नदी का पानी दूषित, ओलंपिक मैराथन तैराकी अभ्यास रद्द

**पेरिस।** सीन नदी के पानी की गुणवत्ता को लेकर व्यक्त की जा रही चिताओं के बीच मंगलवार को इस नदी पर होने वाली ओलंपिक मैराथन तैराकी परीक्षण प्रतियोगिता को रद्द कर दिया गया। पेरिस ओलंपिक 2024 की प्रवक्ता ऐनी डेस्कैम्प्स ने पुष्टि की कि वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने अभ्यास रद्द करने का निर्णय लिया है। यह फैसला ट्रायथलॉन मिश्रित रिले प्रतियोगिता के सीन नदी पर सफल आयोजन के एक दिन बाद आया है। सीन नदी के पानी की गुणवत्ता पर ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले से ही चिंता व्यक्त की जा रही है। इस कारण पहले भी कुछ अभ्यास कार्यक्रम रद्द कर दिए गए थे।

## 1900 से 1920 तक खेली गई थी रस्साकसी, लकड़ी के हिरण पर निशानेबाजी

# ऐसे दिलचस्प खेल जो अब ओलंपिक का नहीं हैं हिस्सा, मारे गए थे 300 कबूतर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

इस समय खेले जा रहे पेरिस ओलंपिक 2024 में विश्व भर के 10,500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लेना है। इसमें भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है। इस बार कुल 32 खेलों में खिलाड़ी पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। ओलंपिक के इतिहास में कुछ ऐसे खेल भी रहे हैं, जो पहले खेले जाते थे लेकिन अब हिस्सा नहीं हैं।

**लाइव पीजन शूटिंग (1900):** दूसरे ओलंपिक खेल 1900 में पेरिस में आयोजित किए गए थे। दूसरे ओलंपियाड में जीवित कबूतरों की निशानेबाजी एक खेल होता था। इस खेल में जो निशानेबाज ज्यादा कबूतर को मारने में सफल होता, वही विजेता होता था। तब इसमें बेल्जियम के लियोन डी लुंडेन ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। दिलचस्प रूप से उस खेल में लगभग 300 कबूतर मारे गए थे और 1900 ओलंपिक के बाद फिर ये खेल नहीं खेला गया था।



### हॉट एयर बैलूनिंग (1900)

हॉट एयर बैलूनिंग को 1900 ओलंपिक में शामिल किया गया था। इस खेल में कई महीनों तक प्रतियोगिताएं आयोजित होती थी। इसमें विभिन्न श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा होती थी, जिसमें यात्रा की गई दूरी, हासिल की गई ऊंचाई और गुब्बारे से ली गई सर्वश्रेष्ठ तस्वीर शामिल थी। फ्रांस के प्रतियोगी हेनरी डे ला वाल्क्स ने पेरिस से तत्कालीन पोलैंड (अब रूस का हिस्सा) तक 768 मील की दूरी तय करते हुए उस प्रतियोगिता को जीता था।

### रस्साकसी (1900 से 1920)

सन 1900 के ओलंपिक खेलों में रस्साकशी पहली बार खेली गई थी। नियमों के अनुसार, 8 लोगों की टीम को जीतने के लिए अपने विरोधियों को 6 फीट पीछे खींचना होता था। 1908 के ओलंपिक में इस खेल में पहली बार बड़ा विवाद देखने को मिला था, जब ब्रिटिश टीम पर सामान्य से अधिक भारी जूते पहनने का आरोप लगा था। आखिर बार 1920 में रस्साकशी देखने को मिली थी, जिसमें ब्रिटेन ने स्वर्ण पदक जीता था।

### रनिंग डियर शूटिंग (1908 से 1924)

रनिंग डियर शूटिंग खेल में किसी जीवित हिरण पर निशानेबाजी नहीं करनी होती थी। इस खेल में रेल की पटरियों पर चके लगे हिरण के आकार के लकड़ी के टुकड़े घूमते रहते थे जिन पर निशाना साधना होता था। लक्ष्य 100 मीटर दूर होता था और प्रतियोगियों के पास हिरण को मारने के लिए 4 सेकंड का ही समय होता था। ओलंपिक में 1924 में आखिरी बार ये खेल देखने को मिला था।

## श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लिश टीम घोषित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ 21 अगस्त से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम का ऐलान किया है। बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली टीम में जॉर्डन कॉक्स के रूप में अनकैप्ड खिलाड़ी को शामिल किया। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली चोट के कारण इस सीरीज के लिए नहीं चुने गए हैं। तेज गेंदबाज ओली स्टोन की भी टीम में वापसी हुई है। उन्होंनेआखिरी बार जून 2021 में इंग्लैंड के लिए टेस्ट खेला था। डिलन पेनिंगटन द हंड्रेड के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं।

### ऐसी है इंग्लैंड की टीम

इंग्लैंड की टीम: बेन स्टोक्स (कप्तान), गस एटकिंसन, शोएब बशीर, हैरी ब्रूक, जॉर्डन कॉक्स, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), ओली स्टोन, क्रिस वोक्स और मार्क वुड।

# 11 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण का पूर्णआहुति के समापन..!!!



रायसेन। रायसेन के मुखर्जी नगर स्थित शगुन गार्डन में पांच दिवसीय 11 लाख पार्थ शिवलिंग और 12 ज्योतिर्लिंग निर्माण का संगीतमय आयोजन का मंगलवार को पूर्णा हुति के साथ समापन हुआ। इसके बाद दोपहर 2 से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शाम तक पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान 12 ज्योतिर्लिंग के भी लोगों ने दर्शन किए। बता दें कि पार्थिव शिवलिंग एवं रुद्री निर्माण के दौरान प्रतिदिन दो ज्योतिर्लिंग का निर्माण किया जाता था साथ ही शिवलिंग का सहस्त्रधारा अभिषेक के साथ समापन के दौरान भस्मा आरती की जाती थी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते थे। यह आयोजन हर वर्ष श्री अमरनाथ सेवा समिति द्वारा किया जाता है। समापन पर पहुंचे श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष वितरण भी किया गया।

# लुटेरी दुल्हन और उसके साथी को पुलिस ने किया गिरफ्तार,साजिया से सपना बनकर दिया घटना को अंजाम

सिंगाजी समाचार ⏭ राजेश पंवार



भैरूंदा ।भैरूंदा अंतर्गत आने वाले ग्राम हालियाखेड़ी निवासी विपिन पंडित द्वारा आवेदन पत्र दिया गया था कि इसका विवाह उधम सिंह निवासी छिदगांव मोजी के माध्यम से रामसिंह निवासी इंदौर की पुत्री सपना शर्मा से दिनांक 26/04/2024 को देवास के लक्ष्मीनाराय़ण मंदिर में हुआ था शादी के पूर्व ही सपना और उसके पिता ने करीबन 15 हजार रुपए कपड़े के लिए ले लिए थे और मंडप के दिन भी बहाना बना कर 50 हजार रूपए ओर ले लिए थे इसके पाश्चात्य शादी के बाद सपना ने बताया कि उसके पिता बहुत गरीब और मां बहुत बीमार हैं, इलाज के लिए 01 लाख रूपए चाहिए और शादी के चार दिन बाद सपना को लेने आए पिता को 90 हजार रूपए नगद दिलवा दिये और रामसिंह रूपए और सपना शर्मा को अपने साथ लेकर इंदौर चला गया। फरियादी विपिन पंडित द्वारा अपनी पत्नी सपना व ससुर रामसिहं से सम्पर्क करने पर वे लोग विपिन को बरगलाते रहे और वापस आने की बात पर आज कल करने लगे, बिचौलिए उधम सिंह से सम्पर्क करने पर उसके द्वारा भी कोई जवाब नही दिया गया, जिससे फरियादी विपिन को ज्ञात हुआ कि उसके साथ सपना निवासी इंदौर, रामसिहं पंवार निवासी किसान मोहल्ला भैरुंदा हाल बडनगर उज्जैन एवं उधम सिहं यदुवंशी निवासी छिदगाँव मोजी ने मिलकर उसकी झूठी शादी करवाकर उससे धोखाधडी कर करीबन 1,65000/ रुपये व शादी में सपना को दिये गहने कुल कीमती 02 लाख से अधिक लेकर फरार हो गए हैं। उक्त आवेदन पत्र की जांच पर पाया कि सपना शर्मा का असली नाम शाजिया पति मुश्तर हाशमी है जिसको रामसिहं पंवार ने अपनी बेटी बताया व उधम सिहं यदुवंशी के साथ मिलकर विपिन पंडित के साथ शादी करवाकर कुल 2,05,000 रुपये की धोखाधडी की है, जिस संबंध में थाना भैरूंदा में अपराध क्रमांक 375/24 धारा 419,420,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी रामसिहं पंवार व सपना शर्मा उर्फ शाजिया को गिरफ्तार कर शाजिया के पास से शादी में चढाये गहने जप्त किये गए व आरोपीगणो को न्यायालय पेश किया गया। आरोपी रामसिहं पंवार के विरुद्ध पूर्व में थाना रेहटी एवं थाना एमजी रोड इंदौर में अपहरण एवं मानव तस्करी के केस पंजीबद्ध हैं।आरोपी सपना शर्मा उर्फ शाजिया पति मुश्तार हाशमी उम्र 32 साल निवासी एयरपोर्ट रोड छोटी बांगडदा इंदौर,रामसिहं पंवार पिता शंकर लाल पंवार उम्र 50 साल निवासी किसान मोहल्ला भैरूंदा हाल बडनगर जिला उज्जैन,उधम सिहं पिता मोती सिहं यदुवंशी उम्र 45 साल निवासी ग्राम छिदगाँव मोजी- उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भैरूंदा निरीक्षक घनश्याम दांगी, उनि पूजा सिहं राजपूत, सउनि सूरज सल्लाम, प्रआर0 176 दिनेश जाट, आर.578 पवन जाट, मआर दीपिका एवं साइबर सेल सीहोर का सराहनीय योगदान रहा है ।

# सैनिकों के लिए नौनिहालों ने रेशमी धागों में पिरोए तीन रंगों के मोती..!!

सिंगाजी समाचार,आकाश सिंह ठाकुर बैतूल। आगामी 14 अगस्त को बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति का राष्ट्र रक्षा मिशन दल भारत पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के लिए रवाना होगा। इसके पहले जिले के स्कूलों, सामाजिक संस्थानों एवं महिला संगठनों द्वारा सेना के लिए अपने हाथों से राखियां बनाकर भेंट की जा रही है। इसी क्रम में किड्जी प्ले स्कूल के बच्चों ने भी सरहद पर तैनात जवानों के लिए राखियां बनाई। स्कूल संचालक मंजुला पाठक ने बताया कि वैसे तो किड्जी के बच्चे छोटे है, लेकिन उन्होंने बड़े ही उत्साह से रेशमी धागों में तिरंगे के तीन रंगों के मोती पिरोये। इन बच्चों को बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति की अध्यक्ष ने जानकारी उनके हाथों से बनी हुई राखियां सैनिकों की कलाई पर बांधी जाएगी। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ के अलावा समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रदीप निर्मले, प्रज्ञा झगेकर, सरिता अतुलकर, उषा अतुलकर, छाया प्रजापति एवं अन्य मौजूद थे। राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत सजावट के बीच बनी राखियां



छोटे-छोटे बच्चों को देश, राष्ट्रीय ध्वज एवं सैनिक का महत्व बताने के उद्देश्य से स्कूल के सभाकक्ष में किड्जी संचालक मंजुला पाठक के मार्गदर्शन में राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत सजावट की गई थी। भारत माता, सैनिक एवं तिरंगे के चित्रों को एक दीवार सजाकर सामने बैठे बच्चों ने तिरंगा राखियां बनाई। इन बच्चों में राखियां बनाने के लिए अलग ही उत्साह था। इस दौरान बच्चों ने जब अपनी बनाई राखियां राष्ट्र रक्षा मिशन दल को भेंट की तो जय जवान-जय किसान और वंदेमातरम के नारों से परिसर गूंज उठा।

# टिकोन से मनकामनेश्वर मंदिर कुम्हारीया तक निकली विशाल कांवर यात्रा..!!



शिव गोस्वामी,नलखेड़ा - श्रावण मास में जगह जगह धार्मिक आयोजन हुआ करते हैं इसी श्रृंखला के चलते आगर मालवा जिले के नलखेड़ा तहसील क्षेत्र के गांव टिकोन से दिनांक 6 अगस्त को विशाल कांवर यात्रा लेकर डीजे ढोल आदि पर नाचते झुमते हुए टिकोन के माता बहने सभी श्रद्धालु शामिल हुए।भगवान शिव मन्दिर टिकोन से सुबह 9 बजे कांवड़ यात्रा प्रस्थान कर माल्याहेडी मार्ग से चल कर मोहना जोड़ से मांगलिया , निपानिया,बड़ोदिया होकर मनकामनेश्वर धाम कुम्हरीया 24 किलोमीटर दुर पेदल जयकारे लगाते हुए नाचते झुमते मंदिर तक पहुंचे जिनका जगह जगह स्वागत भी किया गया ओर भगवान को जल चढ़ाया तथा समस्त ग्राम वासियों को सुख शांति समृद्धि ओर सद्ध बुद्धी की कामनाएं की।कार्यक्रम में गुराड़ियाखाती से शिव गोस्वामी, राधा गोस्वामी, तथा अन्य भक्तों ने लाभ लिया।

## ओबरा पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी काफी दिनों से फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट के अपराधी को किया गिरफ्तार

राजू जायसवाल८,पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डा यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में गैंगस्टर व जघन्य अपराध से संबंधित अपराधियों की गिरफ्तारी वह अवैध पशु तस्करी की रोकथाम यह चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडे ओबरा के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ओबरा के नेतृत्व में उ0नि0 मो0 ऐश खान, उ0 नि0 मु0 जुनैद खान मय हमराही हे0का0 हेमन्त बारी,हे0का0 इमरान खान व हे0का0 ओमकार यादव के द्वारा मिली मुखबिर की सूचना पर सुभाष तिराहा से आरोपी मु0 हबीब उर्फ शक्की पुत्र मो0 कादिर निवासी कनहरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 36 वर्ष को दिनांक 06 /08/2024 समय करीब 8:20 बजे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।उक्त अपराधी पूर्व में थाना ओबरा मे मु0अ0स014/23 धारा 3/5अ/8 गोबध निवारण अधिनियम व11 पशु क्रूरता अधिनियम के मुकदमे में जेल भेजा गया था जो वर्तमान में जमानत पर रिह था। जिसके विरुद्ध थाना स्थानी पर मु0 अ0 स0 65/2024धारा 3(1) जीरो बंद उत्तर प्रदेश ए समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 का वांछित आरोपी था, काफी समय से फरार चल रहा था उसे 06/08/2024 को थाना स्थानीय संबंधित वांछित आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सुभाष तिराह से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया गया।



## मां शीतला मंदिर परिसर मे सावन माह में हुआ अखंड हरि कीर्तन व भव्य भंडारे का आयोजन।

राजू जायसवाल,सोनभद्र ओबरा स्थानीय थाना अंतर्गत नगर के मां शीतला मार्ग स्थित शीतला मंदिर में सोमवार को अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें पूणार्हुति के बाद प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शीतला धाम सेवा समिति द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन सेवार्थ रूप में मंगलवार को किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालु भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। समिति के पूर्व अध्यक्ष चुन्नीलाल बाजपेई ने बताया कि यह मंदिर की मूर्ति कई वर्ष पूर्व सन 1962 के करीब अघोरी किले के किसी व्यक्ति द्वारा लाकर यहां पर रखी गई थी और तभी से इस मंदिर की नीव पड़ी पिछले तकरीबन 62 वर्षों से मां शीतला मंदिर का अस्तित्व निरंतर प्रगतिमान रहा है ।महिला मंडल समिति द्वारा भी प्रतिदिन शाम को भजन कीर्तन व आरती का कार्यक्रम किया जाता है।भव्य भंडारे की आयोजन वर्ष में तकरीबन तीन से चार बार किए जाते हैं।इस मौके पर मां शीतला सेवा धाम समिति के अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, सचिव गणेश प्रसाद अग्रहरी, कोषाध्यक्ष किशोरी दास बंसल, एवं संरक्षक बलवंत अग्रवाल के साथ रामजीअग्रहरि, अरुण अग्रहरी ,अनिल केसरी, चुन्नीलाल बाजपेई ,अच्छे लाल शुक्ला जी की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें महिला मंडल की सभी महिलाएं भजन कीर्तन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रही।



## कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर में जनसुनवाई में आये 102 आवेदन

नरसिंहपुर ।कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 6 अगस्त को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर अंजली शाह व सहायक कलेक्टर शुभम यादव ने भी लोगों की समस्यायें सुनी, आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 102 आवेदन आये।



## विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में गोड़वाना गणतंत्र पार्टी कार्यकर्ता 8 अगस्त को पहुंचेंगे कलेक्ट्रेट

राजू जायसवाल,सोनभद्र। विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में गोड़वाना गणतंत्र पार्टी ( गोगपा) कार्यकर्ता 8 अगस्त को कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। जहां पर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित अपनी मांगों का ज्ञापन डीएम को सौपेंगे।गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के जिला प्रवक्ता एडवोकेट संतोष कुमार ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मनाया जाता है। अबकी बार 9 अगस्त को नागपंचमी का पर्व होने की वजह से इसके उपलक्ष्य में 8 अगस्त को ही कलेक्ट्रेट पर यह कार्यक्रम रखा गया है। जिले भर के आदिवासी समाज के लोग इस कार्यक्रम में जुटेंगे। पार्टी के जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया की अगुवाई में यह कार्यक्रम होगा।

## जन सुनवाई में शिकायतकताओं की पुलिस अधीक्षक जबलपुर ने सुनी शिकायतें।



जबलपुर ।आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार दिनॉक 6-8-2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक जबलपुर आदित्य प्रताप सिंह द्वारा जन सुनवाई की गयी।जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि/परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित 78 शिकायतें थी।आपके द्वारा समस्त शिकायतकताओं को शीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

## शिक्षकों का 5 दिवसीय एफ.एल.एन. प्रशिक्षण

सिंगाजी समाचार ⏭रामकिशन कुशवाहा



तेंदूखेड़ा- शासकीय विद्यालयों में पहली व दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई करवाई जाएगी, ताकि बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़े, क्योंकि इस उम्र में बच्चों की रुचि पढ़ाई से ज्यादा खेल में होती है, इसीलिए अब स्कूलों में शिक्षक खेल-खेल में तथा गतिविधियों के जरिये बच्चों को हिंदी भाषा, अंग्रेजी भाषा व गणित सिखाएंगे। इससे भाषा व गणित में बच्चों की अधिक रुचि पैदा होगी और आने वाले समय में इसके नतीजे सामने आएंगे। चाँवरपाठा प्रशिक्षण प्रभारी राजेश सेन ने बताया इसी के तहत विकासखंड चाँवरपाठा मे दो चरणों में पहली, दूसरी कक्षा पढाने बाले शिक्षकों का एफ. एल. एन.पाँच दिवसीय प्रशिक्षण 5जुलाई से प्रारंभ हो गया हैं। पहले चरण में 3 कक्षों में 6 मास्टर ट्रेनरों द्वारा 120 शिक्षक -शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इस अवसर पर बीआरसी सुनील श्रीवास्तव ने शिक्षकों से अपनी बात रखते हुए कहा प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को प्राप्त करना है। इससे पहली व दूसरी कक्षा के बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान मास्टर ट्रेनर सतीश शर्मा, कमलेश त्रिपाठी,कमलेश श्रीवास्तव, दशरथसिंह पटैल, संजय शर्मा, अशोक किरार, द्वारा सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षकों से प्रशिक्षण के संबंध में विचार साझा किए और उन्हें निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में जो भी गतिविधियां सीख कर जाए उन्हें शालाओ में बच्चों के साथ साझा करें ताकि प्रशिक्षण का उद्देश्य पूर्ण हो सके।इस प्रशिक्षण मे 240 शिक्षक-शिक्षिकाओं व जनशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। पहला चरण 5 जुलाई से 9 तक चलेगा। इसके बाद 10 जुलाई से दूसरा चरण प्रारंभ होगा।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आज सारणी दौरे पर रहेंगे

बैतूल। कैप्टन (आई.एन.) सुमीत सिंह (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 8 अगस्त बुधवार को सारणी दौरे पर रहेगे। इस दौरान सिंह दोपहर 2 बजे से 3.30 बजे तक सारणी नगर पालिका के सभाकक्ष में भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों की समस्याओं को सुनेंगे। उन्होंने घोड़ाडोंगरी, सारणी में निवासरत सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों की पत्नियों से यथा समय उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## डिपॉजिट मशीन से चोरी किये गये 2293100/- रुपए की वारदात का किया खुलासा।

सिंगाजी समाचार ⏭ सालगराम दास बैरागी

उज्जैन। बैंक ऑफ इंडिया के शाखा खाचरौद के शाखा प्रबंधक नीलकमल द्वारा थाना खाचरौद पर एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। जिसमे बैंक डिपॉजिट मशीन के अंदर पासवर्ड वाला दरवाजा व चार कैसेट एवं नगदी राशी 2293100/- रुपए चोरी होना बताया। दिनांक 29.07.24 को 10.30 बजे सुबह जानकारी हुई की ई गैलरी के सारे कैमरो को काले रंग से स्प्रे किया गया है तथा ई गैलरी को शटर लगाकर बंद कर दिया गया तथा सूचना जोनल ऑफिस को दी गयी तथा लिखित मे जानकारी पुलिस खाचरौद को भी दी गयी। दिनांक 03.08.24 को कैशियर आदि कर्मचारी रुपए निकालने के लिये ई गैलरी में पहुंचे तो डिपॉजिट मशीन का पासवर्ड वाला दरवाजा नही था तथा रुपए से भरी 04 कैसेट गायब थी। कैमरे चैक करते दिनांक 29.07.24 की रात्री में 01:00 से 02:00 बजे के मध्य 02 व्यक्ति मो.सा. से बैंक की ई गैलरी में पहुंचे दोनो काले रंग का हेलमेट तथा रेनकोट पहने हुये थे। जिसमे से एक व्यक्ति बैंक की ई गैलरी मे जाकर सीसीटीवी कैमरो पर स्प्रे करने के बाद डिपॉजिट मशीन से छेड़छाड़ करता हुआ तथा थोडी देर बाद काले रंग के बैग में सामान ले जाते दिखाई दिया। उक्त बदमाश दिनांक 29.07.24 की रात्री में बैंक की डिपॉजिट मशीन से कुल 2293100/- रुपए चुराकर ले गया है।उक्त आवेदन पर थाना खाचरौद पर अपराध क्रमांक 512/24 धारा 331 (4), 305 (ई) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया।आरोपी का नाम रितुराज पिता भोपाल सिंह , उम्र 30 साल नि. ग्राम बोरदिया थाना खाचरौद ।शुभम पिता अर्जुन उम्र 26 साल निवासी ग्राम बोरदिया थाना खाचरौद है।आरोपियों को पकड़ने में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खाचरोद पुष्पा प्रजापत, थाना प्रभारी खाचरोद निरी धनसिंह नलवाया, उनि एन.आर.पटेल, उनि शांतिलाल मोर्य, उनि प्रतीक यादव (सायबर सेल), सउनि भूपेन्द्रसिंह बैंस,सउनि भूपेन्द्र सिंह बैस, सउनि प्रकाश डाबर, सउनि अरविन्द गणावा आदि की सरहानीय भूमिका रही।



## योगदान सेवा समिति ने रौंपे पौधें



रामकिशन कुशवाहा,तेंदूखेड़ा।पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण की दिशा मे वर्ष 2007 से अपनी विशेष भूमिका निभाती चली आ रही योगदान सेवा समिति के द्वारा तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में ना केवल वृक्षारोपण कर बल्की पौधों को वृक्ष का आकार देने तक समय समय पर खाद मिट्टी पानी की जरूरतों को पूरा कर क्षेत्र मे अनेकों छायादार फलदार वृक्ष बनाये है। हरियाली अमावस्या के अवसर पर शासकीय कॉलेज तेंदूखेड़ा में, ग्राम बरखंदा महगवा केरपानी में ट्री गार्ड सहित पीपल व बरगद के 10 पेड़ों का रोपण किया गया। यह अभियान लोगों के सहयोग से उनके जन्मदिन पुण्य स्मृति एवं शादी की सालगिरह के अवसर पर यादगार स्वरूप लोग सहयाग किया करते है।

## हनुमानताल पुलिस की कार्यवाही,15 चायना चाकू, 1 पिस्टल 2 कारतूस जप्त

सिंगाजी समाचार,जबलपुर।थाना प्रभारी हनुमानताल मानस द्विवेदी ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर आरबाज खान उम्र 21 वर्ष एवं छोटू उर्फ सोहरब उम्र 24 वर्ष तथा शहबाज उफ आबिद उम्र 22 वर्ष तीनों निवासी बडी मदार टेकरी को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर पुष्कर मेला राजिस्थान से 250 रूप्ये प्रति नग की दर से बटनदार चायना चाकू खरीदकर 500 से 1000 रूप्ये में बेचने हेतु लाना स्वीकार किये। आरोपी अरबाज से 6 बटनदार चायना चाकू, छोटू उर्फ सोहरब से 5 बटनदार चायना चाकू तथा शहबाज उर्फ आबिद से 4 बटनदार चायना चाकू जप्त करते हुये तीनो के विरूद्ध प्रथक प्रथक 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। आरोपियों से



अवैध हथियार का जखीरा जप्त करने में उप निरीक्षक कनक सिंह बघेल, उप निरीक्षक रविन्द्र डुडवा, उप निरीक्षक सचिन वर्मा, प्रधान आरक्षक अजय डबराल, सुधीर ठाकुर आरक्षक बृजेश त्रिपाठी, गौरव तिवारी की सराहनीय भूमिका रही। इसी प्रकार विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि बकरा मंडी भानतलैया में एक व्यक्ति अवैध हथियार रखे खड़ा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई ठक्कर ग्राम उर्दु स्कूल मैदान में मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम अकरम अंसारी उम्र 50 वर्ष निवासी किलकारी गार्डन के पास हनुमानताल बताया जो तलाशी लेने पर दाहिने तरफ एक देशी पिस्टल खोंसे तथा कुर्ते के वायें जेब में 2 कारतूस रखे मिला जिन्हें जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की।

## ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने नगरपालिका सारणी चला रही अभियान....!!!

सिंगाजी समाचार ⏭ आकाश सिंह ठाकुर

**सारणी।** ई-श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों को राशन कार्ड (पात्रता पर्ची) प्रदान किए जाने के लिए शासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नपा सारणी में भी पात्र परिवारों के राशन कार्ड बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज श्रमिक नगर पालिका में निर्धारित दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज श्रमिकों को भी शासन के निदेशानुसार राशन प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत इन पंजीकृत श्रमिकों को राशन कार्ड (पात्रता पर्ची) हेतु पंजीयन किया जा रहा है। उक्त निदेशों के परिपालन में नगर पालिका परिषद सारणी द्वारा भी ई-श्रम पोटर्ल पर पंजीकृत श्रमिकों के दस्तावेज जमा कर उनका पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक अपने साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे ई-श्रम कार्ड या संबल कार्ड की छाया प्रति, परिवार के समस्त सदस्यों के आधार कार्ड, समग्र आईडी की छायाप्रति एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर लेकर शीघ्र संपर्क करें ताकि उन्हे राशन कार्ड (पात्रता पर्ची) हेतु पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।

## पत्रकार बृजेश दीक्षित पर हुए जानलेवा हमले के संबंध में गोटेगांव पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

सिंगाजी समाचार,गोटेगांव। विगत दिवस नरसिंहपुर जिले के ग्राम आमगांव में पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमला हुआ इसके विरोध में गोटेगांव पत्रकार संघ ने नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक के नाम गोटेगांव एसडीओपी भावना मरावी को एक ज्ञापन सौपा उसमें उल्लेख किया है कि जिले के वरिष्ठ पत्रकार बृजेश दीक्षित पर विगत दिवस हुए जानलेवा हमले के संबंध में आरोपियों पर थाना प्रभारी करेली द्वारा कोई कार्यवाही ना किये जाने के कारण हम गोटेगॉव तहसील के एवं समस्त जिले के पत्रकार रोष व्यक्त करते हैं तथा आरोपीगण राजेन्द्र सिसोदिया,अशोक सिसोदिया, राजा सिसोदिया,अन्य जिनके द्वारा पत्रकार बृजेश दीक्षित के साथ मारपीट,अभद्र व्यवहार गाली गलोच कर जान से मारने का प्रयास किया गया। जिसकी रिपोर्ट थाना करेली में की गई जिसमें थाना प्रभारी द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने के कारण हम जिले के सभी पत्रकार रोष में है तथा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की माँग करते हैं।पत्रकार अपने कर्तव्यों का निर्भीकता से जिले एवं तहसील में हो रहे आपराधिक कार्यों को समस्त नागरिकों के तथा आपके संज्ञान में लाया जा सके।ऐसी भी संभावना है कि सटोरिया, पीडित पत्रकार बृजेश दीक्षित के साथ सुनियोजित घटना को अंजाम दे सकते हैं और पत्रकार के खिलाफ महिलाओं वा अन्य से झूठी शिकायतें भी करा सकते हैं। इस पर भी संज्ञान लिया जावे।



इस मौके पर प्रदीप सिंघवी,केशरी नामदेव,बी डी सोनी,शरद नेमा,पी डी साहू, नीरज सराफ, राहुल खेमरिया, सीताराम रजक,राहुल पाटकर, रघुनाथ राय,आशीष साहू,संजू सिलावट,मनीष मिश्रा,कैलाश गुप्ता,दीपक साहू,गोविंद यादव,सत्यम नेमा,विवेक सराठे,सहित नगर के समस्त पत्रकार मौजूद रहे।

## पत्रकार ब्रजेश दीक्षित पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी और जिले में चल रहे अवैध कार्यों को लेकर पत्रकारों ने,सौपा ज्ञापन

सिंगाजी समाचार ⏭ कैलाश रजक

गाडरवारा । नगर के पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के नाम पुलिस उप अधीक्षक रत्नेश मिश्रा को एक ज्ञापन सौपकर पत्रकार बृजेश दीक्षित पर हमला करने वाले असमाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही मांग की । ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नरसिंहपुर जिले में अवैध कार्य करने वालों के हौसले इतने बुलंद है की वह चौथे स्तंभ पर भी हमला करने लगे हैं,जिले में जुआ सट्टा जैसे अपराध चरम पर चल रहे है इन अबैध कामो को लेकर कलम के माध्यम से पत्रकार समाचार प्रकाशित कर जब उनका विरोध करते है तो उन पत्रकारों पर जानलेवा हमला कर दिया जाता है इसी श्रृंखला में करेली थाना अंतर्गत आमगांव बड़ा में पत्रकार बृजेश दीक्षित के ऊपर जानलेवा हमला किया गया। उनके साथ अभद्रता कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। जिसकी रिपोर्ट थाना करेली में बृजेश दीक्षित के साथ सुरजीत सिसोदिया ने की है। इस घटना को लेकर जिले के पत्रकारों में रोष व्याप्त है और इस घटना की सभी पत्रकार कड़ी निंदा करते हैं पत्रकार बृजेश दीक्षित पर हमला करने वाले आरोपी राजेन्द्र सिसोदिया अशोक सिसोदिया, राजा सिसोदिया,मोंटी चौहान पर शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो जिले के समस्त पत्रकार साथी आंदोलन करने मजबूर होंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी । ज्ञापन देने वालो में नगर के सभी पत्रकार बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## दिशिता महिला मंडल में धूमधाम से बना हरियाली तीज उत्सव।

अश्विनी ठाकुर ,रेनू सागर। पैराडाइज ऑडिटोरियम में दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह के नेतृत्व में हरियाली तीज का उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ससुराल गेंदा फूल थीम पर आधारित हरियाली तीज उत्सव में अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत



हुए। महिलाओं ने इस बार कजरी डांस का आनंद उठाया। मुख्य अतिथि रेणुकूट के तरंगिणी महिला मंडल की अध्यक्षा लक्ष्मी नागेश तथा रेणुकूट महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्याएं सीमा जसबीर तथा पूनम राय की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।तीज क्वीन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पूनम वार्ष्णेय तथा निशा महापात्रा थीं, जिन्होंने बखूबी अपनी भूमिका को निभाया।मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जोंसी सोनी, द्वितीय स्थान पर पूर्णिमा पांडेय तथा तृतीय स्थान पर शालिनी श्रीवास्तव रही। लेडी इन ग्रीन प्रतियोगिता में नीलिमा निकुंज विजेता रही।तीज क्वीन प्रतियोगिता में सेकंड रनर अप वंदना बी कुमार, फर्स्ट रनर पूर्णिमा पांडेय रही। शालिनी श्रीवास्तव को तीज क्वीन के खिताब से नवाजा गया।

# हरियाली तीज का व्रत आज शुक्रवार को होगी नागपंचमी

सिंगाजी समाचार ⏭ रामकिशन कुशवाहा

तेंदूखेड़ा-धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूरा श्रावण माह शिव जी की आराधना के लिए श्रेयस्कर माना जाता है।लेकिन इस माह में कुछ विशेष पर्व भी आते हैं उनमें शिव पूजन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इसी श्रंखला में श्रावण के शुक्लपक्ष में आने वाली तृतीया भी शिव शक्ति के पूजन के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसे हरियाली तीज मधुश्रवा तीज स्वर्ण गौरी व्रत और झूला तीज के नाम से जाना जाता है। इसी तिथि में शिव पार्वती का पुनर्मिलन हुआ था। अतः इस दिन सुहागिन स्त्रियां अपने पति की दीघार्यु अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख समृद्धि के लिए माता गौरी और सदाशिव भगवान भोलेनाथ का व्रत और पूजन करती हैं ।इस वर्ष 9अगस्त शुक्रवार को नागपंचमी मनाई जाएगी।इस दिन श्रद्धा के साथ नागदेव का पूजन करके सर्प भय से मुक्ति मिलती है । कई क्षेत्रों में नागों की प्रसन्नता के लिए घर के बाहर खुली जगह में किसी पात्र में दूध रखने की परम्परा भी है।आचार्य चतुष्टय प्रमोद पचैरी ने बताया कि घर में पितृ दोष के कारण अचानक घटना - दुर्घटना चोट चपेट बीमारी विद्या अध्ययन में रूकावट विवाह में विलंब, व्यापार में नुकसान, संतान न होना रोजगार संबंधी समस्या ग्रह कलह सुख शांति की कमी पारिवारिक सदस्यों में मन-मुटाव आदि स्थितियां बनती हैं । नाग पंचमी के दिन पितृदोष की शांति के उपाय करना लाभदायक होता है। काल सर्पदोष निवारण के लिए भी नाग पंचमी का मुहूर्त सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।



## श्री पार्श्वनाथ सेवा संघ के सदस्यों ने आनंदपुर में गायों के गले में रेडियम बांधे..!!!

**सिंगाजी समाचार,जितेंद्र शर्मा, आनंदपुर। लटेरी/ लगातार नेशलन हाईवे पर गायों के एक्सीडेंट हो रहे थे जिसको लेकर लोग काफी परेशान थे जिसके चलते आए दिन लटेरी थाना पर गदर हो रहा था रात के समय अंधेरे में अक्सर लोग सड़क पर बैठी गायों से टकरा जाते थे ज्यादातर लोग घायल होते है, कई बार तो घायलों की मौत भी हो जाती है। श्री पार्श्वनाथ सेवा संघ लटेरी ने इन घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क पर बैठने वाले गायों की सेवा के लिए आगे आया है। गायों के गले में रेडियम बेल्ट पट्टी बांधी जा रही है इसका उदेश्य एक ही है गौ सेवा के साथ सड़क हादसों को रोकना जिससे गायों और राहगीरों की जान सुरक्षित रहें।** श्री पार्श्वनाथ सेवा संघ के संरक्षक अभिषेक जैन एवं अध्यक्ष हर्ष जैन एवम उपाध्यक्ष अभी जैन ने बताया कि गाड़ियों की टक्कर सबसे ज्यादा नेशनल हाइवे पे होती है। राष्ट्रीय मार्गो में वाहन की गति तेज होती है



दिन के उजाले में वाहन चालक को तो सामने का दृश्य दिख जाता है, लेकिन रात में वह ज्यादा दूरी तक नहीं देख सकता कारणवश वह गति को नियंत्रित नहीं कर पाता और वाहन पशुओं से टकरा जाती है। जिसमें उनकी जान चली जाती है फिर श्री पार्श्वनाथ सेवा संघ लटेरी द्वारा पशुओं के गले में रेडियम से बनी बेल्ट बांधने का काम किया प्रत्येक शाम दो से तीन घंटे श्री पार्श्वनाथ सेवा संघ के यवाओ की टीम सड़कों पर जा कर गायों के गले में बेल्ट बांधती है जिसमे अध्यक्ष हर्ष जैन, उपाध्यक्ष अभि जैन एवं सहयोगी ऋषि जैन,यश जैन, राहुल जैन अनुराग जैन,आर्यन जैन, वासु जैन,रवि जैन ,पारस जैन, सार्थक जैन,लकी जैन,सौरभ अग्रवाल वेदांश अग्रवाल,आदि मौजूद रहे

# कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



सिंगाजी समाचार ⏭ धर्मेन्द्र बोयद

आष्टा। उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परिक्षा 2023 के चयनित शिक्षक विगत कई महिनों से नियुक्ति नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं। जबकि लोक शिक्षण संस्थान ने चयनितों का भौतिक सत्यापन करवा लिया है और जनजातीय कार्य विभाग ने भी 12 अगस्त से भौतिक सत्यापन करवाने की तैयारी कर ली है। जबकि उक्त परीक्षा का परिणाम तकरीबन 6 महीने पहले आ चुका है लेकिन अब तक चयनित शिक्षकों को नियुक्ति नहीं दी गई ।ज्वाईनिंग की इतनी धीमी गतिविधियों के कारण छात्र मानसिक तनाव से ग्रस्त हो रहें हैं और आर्थिक परेशानियों से गुजर रहे हैं।माननीय मुख्यमंत्री जी के कहे अनुसार कि अगले हफ्ते 15000 नवनियुक्त लोगों को नियुक्ति पत्र दिये जायेगें।इस आस में कई चयनित शिक्षक पिछली नौकरियां छोड़ कर जल्द नियुक्ति पत्र मिलने की आस लगाए बैठे है । ज्ञापन देने जिले के सभी तहसीलों से तकरीबन 45-50 चयनित शिक्षक/ शिक्षिकाएं शामिल रहे।

श्री तिलक रेसीडेंसी
SHRI TILAK RESIDENCY STR
फार्म हाऊस मात्र
125/-₹ Square Feet में उपलब्ध हैं
1 साल की आसान किश्तों में उपलब्ध
रिंकू ठाकुर मो. 9754821811
ऑफिस पता : निर्मल गार्डन के सामने, विदिशा रोड, भोपाल
साइट पता : निपानिया जाट, भोपाल

RNI NO-MPHIN/2021/81069 स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक श्री राहुल बैरागी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 137, 138, 139, सेक्टर – आई स्पेशल इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा भोपाल 462023 (म.प्र) से मुद्रित सुभाष नगर वार्ड नं. 06 मकान नं. 60 मंडीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन से प्रकाशित संपादक श्री राहुल बैरागी 9425366296 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र तहसील गौहरगंज एवं भोपाल होगा)